संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शुक्रवार, 17 मई 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



एनआईए के पूर्व महानिदेशक दिनकर गुप्ता को खालिस्तान समर्थक तत्वों से खतरों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने हाल ही में शीर्ष 'जेड-प्लस' श्रेणी का वीआईपी सुरक्षा कवर प्रदान किया है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 135 पृष्ठः 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


### आदर्श विचार



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता"

### मन की बात



"बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद"

## धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा: मोदी

● पूर्वांचल को 'मोदी की गारंटी' दे गए पीएम, गरीब का चूल्हा जलते रहना चाहिए बच्चा भूखा नहीं रहना चाहिए

**वोट की अपील**

▶▶ मैं गारंटी देता हूं आने वाले पांच साल भी यह मुक्त राशन मिलता रहेगा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी





**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आजमगढ़, जौनपुर और भदोही में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने पूर्वांचल के वोटरों में जोश भरने का काम किया। उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से वोट करने की अपील की।

**अगले पांच वर्षों में और क्या होगा, उसके गारंटी देने आया हूं:** पीएम मोदी ने कहा कि मेरे मन में एक ही भाव है कि गरीब का चूल्हा जलते रहना चाहिए बच्चा भूखा नहीं रहना चाहिए और मैं गारंटी देता हूं आने वाले पांच साल भी यह मुक्त राशन मिलता रहेगा। यूपी में ढाई करोड़ से ज्यादा किसानों को किसान सम्मान निधि के 70 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं। मैं काम गिनाने नहीं आया हूं। अगले पांच वर्षों में और क्या होगा उसके मैं आपको गारंटी देने आया हूं।

**अपने लिए घर नहीं, चार करोड़ गरीब परिवारों के लिए बनाया घर:** पीएम मोदी ने कहा कि गरीब का बेटा जब प्रधान सेवक बना तो सभी के लिए योजना चलाई। मेरे लिए सबसे बड़ा काम है गरीब को गरीबी से बाहर निकलना। यह मोदी अभी भी खुद का कोई घर नहीं बनाया है। मेरे नाम पर कोई घर नहीं है। मैंने अपना घर तो नहीं बनाया लेकिन गरीब मां का बेटा हूं ना, मैंने चार करोड़ गरीब परिवारों के लिए घर बनाएं।

**सपा सरकार में एक जिला एक माफिया का था दौर:** पीएम मोदी ने कहा कि सपा की सरकार में वन जिला वन माफिया का दौर चलता था। इन्होंने हर जिला में अलग माफिया दिया। इनका साम्राज्य हर जिले में था। इन लोगों ने एक-एक माफिया को एक जिले को ठेके पर देकर रखा था। यहां व्यापारी सुरक्षित नहीं था। महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं। युवाओं का कोई भविष्य नहीं होता था, लेकिन जब से योगी जी आए हैं जनता नहीं डरती। माफिया डरते हैं।

### नए संसद में भी भदोही की कालीन लगी: पीएम

पीएम मोदी बोले कि भदोही रिंग रोड का काम भी हो रहा है। मछलीशहर से बनारस तक नेशनल हाईवे का काम हो रहा है। यूपी में 17 एयरपोर्ट हैं। 3 एयरपोर्ट और बन रहा है। बनारस से देश- विदेश के लिए इतनी फ्लाइट उड़ने लगी है। हमारे भदोही में रेलवे लाइन अब डबल हो गई है। विकास के इन कामों का फायदा यहां के किसानों को मिलेगा। इसका फायदा भदोही के कालीन उद्योग को मिलेगा। आपको पता होगा कि हमने जो नया संसद का भवन बनाया। वहां भी यह हमारे भदोही की कालीन लगी है। भदोही की कालीन को वन जिला वन प्रोडक्ट योजना में पहले स्थान पर रखा है।

### शहजादों को लगता है विकास अपने आप हो जाएगा: पीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रतापगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतापगढ़ में विपक्ष पर करारा निशाना साधा। पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन बंटने वाला है और इसके बंटने पर शहजादे विदेश भाग जाएंगे। उनका इशारा राहुल गांधी की तरफ था। पीएम मोदी यहां से भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता की चुनावी रैली में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। प्रतापगढ़ की स्थानीय बोली अवधी में भाषण शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, बेल्हा माई और बाबा घुइसरनाथ के पावन धरती प्रतापगढ़ के हम प्रणाम करे। एक तरफ अयोध्या, एक तरफ काशी एक तरफ प्रयागराज। प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप ही प्रताप है, यह वीरों की धरती है।

**इंडी गठबंधन पर साधा करारा निशाना:** पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सरकार हटाना चाहते हैं। इनका फार्मूला है, पांच साल में पांच पीएम बनाएंगे यानी हर साल एक पीएम। भानुमति का कुनबा बनाकर लूटना चाहते हैं।

### काशी वालों के लिए तो भदोही अपना ही घर है: मोदी

पीएम ने कहा कि विंध्यवासिनी मईया की जय और हर-हर महादेव से पीएम मोदी ने भदोही में संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि हम सीता मैया, बाबा हरिहरनाथ के चरण में प्रणाम करता हूं। आज सीता नवमी के पवन दिन मुझे मां सीता की तीर्थ भूमि पर आने का सौभाग्य मिला। मैं सीता मैया के चरणों में श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं। साथियों मैं काशी वाला हूं और काशी वालों के लिए तो भदोही अपना ही घर है। मुझे पक्का विश्वास है कि अगर मैं आपसे कुछ भी ना मांगू तो भी आप वोट देकर के भारी मतों के साथ यहां से कमल दिल्ली भेजने वाले हैं, लेकिन मैं आज आपके पास आया हूं आपका आशीर्वाद मांगने के लिए। इन दिनों दुनिया भर के अखबार वाले, टीबी वाले, कैमरा वाले हिंदुस्तान में चारों तरफ एक चुनाव का जायजा ले रहे हैं, लेकिन वह हैरान हो जाते हैं की इतनी गर्मी और लोकतंत्र के प्रति इतना अद्भुत प्यार। यह उनके दिमाग में नहीं बैठता है। पीएम मोदी का भदोही की जनसभा में शंखनाद के साथ भव्य स्वागत किया गया।

## पीओके हमारा था, हमारा है और हम लेकर रहेंगे: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**मधुबनी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक भाजपा का एक भी सांसद रहेगा तब तक कोई एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म नहीं कर सकता है। विपक्ष झूठ फैला रहा है। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव और कांग्रेस आरक्षण विरोधी हैं। विपक्ष ने तेलंगाना और कर्नाटक में मुस्लिम समाज को पांच प्रतिशत आरक्षण दिया है। यह एससी-एसटी, ओबीसी के आरक्षण पर डाका है। लालू भी बिहार में यही करना चाहते हैं। लालू यादव 15 साल बिहार में और 10 साल केंद्र की सत्ता में रहे मगर जननायक कर्पूरी ठाकुर को सम्मान नहीं दिया। अमित शाह ने कहा कि गरीबों, पिछड़ों की आवाज उठाने वाले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नरेन्द्र मोदी ने सम्मान दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के रहिका मध्य विद्यालय में एनडीए प्रत्याशी अमित यादव के लिये चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने मां जानकी की धरती को प्रणाम करते हुए भाषण की शुरूआत की। कहा कि पूर्व सांसद हुकुमदेव नारायण यादव का मैं बहुत सम्मान करता हूं। उन्हें भी प्रणाम। उन्होंने मधुबनी में स्थित उच्चैठ भगवती, उगना मंदिर, राजा सलहेश समेत तमाम धार्मिक देवी-देवाताओं को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर अतिपिछड़ा, किसान, गरीबों, महिलाओं के लिये आवाज बुलंद करते थे। लालू जी ने उन्हें सम्मान नहीं दिया।

### गठबंधन वाले किसे प्रधानमंत्री बनायेंगे: शाह

शाह ने कहा कि आइएनडीआइए का कुछ नहीं होना है। यदि स्वपन में जीत भी गये तो किसे प्रधानमंत्री बनायेंगे। आइएनडीआइए वाले कहते हैं बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेगा। मधुबनी के लोग बतायें कि क्या ममता प्रधानमंत्री बन सकती हैं, क्या लालू बन सकते हैं, क्या स्टालीन बन सकते हैं, क्या शरद पवार बन सकते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि देश को एक मजबूत सरकार चाहिये। कोरोना की परिस्थिति से देश को निकालने वाला प्रधानमंत्री चाहिये। बताइये प्रधानमंत्री ने सबको मुफ्त में टीका दिलाया। राहुल बाबा कहते थे नहीं लेंगे।

## छह दिन की ईडी रिमांड पर भेजे गए आलमगीर

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** झारखंड के मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने गुरुवार को रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने उन्हें बुधवार को उनके निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक के घर से भारी नकदी बरामदगी के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। पीएमएलए की विशेष अदालत ने मंत्री आलमगीर आलम को छह दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने बताया कि हमने 10 दिन की ईडी रिमांड मांगी थी। अदालत ने उन्हें (झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम) 6 दिन की दिन रिमांड पर भेज दिया है। कुमार ने बताया कि पूरी नकदी (जो उनके पीएस संजीव लाल के घरेलू नौकर से बरामद की गई थी) उन्हीं की है।

**जांच ने एजेंसी ने अदालत में किए कई दावे:** झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के एक सचिव के घरेलू सहायक के रांची स्थित परिसर से जब्त 32.2 करोड़ रुपये की नकदी विधायक आलम के ही हैं और उन्हें अपने विभाग में निष्पादित हर टेंडर से 1.5 प्रतिशत का निश्चित कमीशन मिलता है।

## 'आप' के खिलाफ दाखिल होगा चार्जशीट

**शिकंजे की तैयारी**

▶▶ हमारे पास केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं: सॉलिसिटर जनरल





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में अपनी गिरफ़्तारी को चुनौती देने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इसकी प्रक्रिया चल रही है। हमारे पास केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। इसके पहले ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल के उस बयान पर आपत्ति जताई, जिसमें केजरीवाल ने कहा था कि अगर आप झाड़ू को वोट देंगे, तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा। मेहता ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। इस पर जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि ऐसा केजरीवाल सोचते होंगे। हम इस मसले पर नहीं जाएंगे। हमारा आदेश स्पष्ट है कि केजरीवाल को कब आत्मसमर्पण करना है।

## असम के हिरासत केंद्रों से 17 विदेशी नागरिकों की रिहाई के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को असम के हिरासत केंद्रों में रखे गए 17 विदेशी नागरिकों को रिहा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा है कि विदेशी नागरिकों के खिलाफ कोई अपराध दर्ज नहीं है।

**17 विदेशी नागरिकों को रिहा करने के निर्देश:** न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने मामले की सुनवाई की। अदालत में राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि असम में 17 विदेशी नागरिकों को हिरासत में रखा गया है।

## चार चरणों में अबतक 66.95 प्रतिशत मतदान

**मताधिकार**

▶▶ पहले चार चरणों में मतदान का औसत 66.95 प्रतिशत रहा है अबतक 45.1 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग के अनुसार पहले चार चरणों में मतदान का औसत 66.95 प्रतिशत रहा है यानि अबतक 45.1 करोड़ लोग मतदान कर चुके हैं। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से आने वाले चरणों में बड़ी संख्या में बाहर आने और मतदान करने का आह्वान किया है। शेष 3 चरणों में मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने के लिए लक्षित प्रयासों को बढ़ाया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ 5वें, 6वें और 7वें चरण में मतदान करने वाले राज्यों के सीईओ को सभी मतदाताओं को समय पर मतदाता सूचना पर्चियां वितरित करने और आउटरीच गतिविधियों को बढ़ाने का निर्देश दिया है।

## राजद अध्यक्ष लालू यादव का देश के नाम पहला संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** लालू प्रसाद यादव ने देशवासियों के नाम एक संदेश दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि सतर्क और सावधान हो जाइए! भाजपा आपका आरक्षण, देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तुल गया है। देश का संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा। आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे। आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे, जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों। आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे। संविधान है तो आरक्षण है और आरक्षण है तो गैर बराबरी, उत्पीड़न एवं अत्याचार से सुरक्षा है। समानता का भाव है, उपचार है। भाजपाई चाल चरित्र से समता विरोधी हैं। ये लोग संविधान व आरक्षण खत्म कर समाज में गैर बराबरी बढ़ा लोगों को पुनः मानसिक गुलाम बनाना चाहते हैं।

## सरकार बनी तो हर महीने महिलाओं को देंगे 8500 रु.: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, देश भर में हमारी बहनें उत्साह के साथ इंडिया अलायंस की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। जुलाई से महिलाओं के खाते में हर महीने 8500 रुपये यानी सालाना 1 लाख रुपये जमा होने से हर परिवार की आर्थिक स्थिति बदल जाएगी।



**25 लाख रुपये की मिलेगी बीमा योजन:** उन्होंने आगे इस बात पर जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी से महिला शक्ति मजबूत होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आशा, आंगनवाड़ी और रसोइया बहनों के मानदेय में केंद्र का योगदान दोगुना किया जाएगा। 25 लाख रुपये की बीमा योजना आपको मेडिकल खर्च के दलदल से बाहर निकालेगी। हालात बदल जायेंगे। इससे पहले अपने भाई और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए प्रचार करते हुए, प्रियंका ने भाजपा पर उच्च मुद्रास्फीति से निपटने में असमर्थ होने का आरोप लगाया।

**सशक्तिकरण**

▶▶ अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करेगी: प्रियंका

**देश में महंगाई बढ़ रही:** उन्होंने कहा, देशभर की महिलाएं एक ही बात कह रही हैं कि महंगाई ने जीना मुश्किल कर दिया है घर चलाना मुश्किल हो गया है। घर का हर सामान पहुंच से बाहर हो गया है।

एक सिलेंडर जिसकी कीमत 400 रु थी जो 1200 रुपये में मिल रहा है। तेल, दाल, आटा, चीनी, चावल, सब्जी सब कुछ बेहद महंगा हो गया है।

## लालू बच्चा पैदा करने के सिवाए कुछ नहीं किए: नीतीश



**टीम एक्शन इंडिया**

**रक्सौल:** पश्चिमी चंपारण लोकसभा रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के नथूनी दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरंदरा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। नीतीश कुमार ने यहां कहा कि 2005 से हमलोग (बीजेपी के) साथ हैं। हमारा रिश्ता 1995 से है। दो बार हम इधर-उधर हो गए। अब हम कभी भी अलग नहीं होंगे। पहले की ही तरह फिर से हमलोग विकास करेंगे। 'भला नौ-नौ बच्चा कोई पैदा करता है' : मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी के कारण लड़के-लड़किया पढ़ नहीं पाते थे।

इसके लिए हमने पोशाक, साइकिल योजना शुरू की। महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। उन्होंने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि वे बच्चा पैदा करने के सिवाए कुछ किए हैं।

**जिम्मेदारियां** भारत उन लोकतांत्रिक देशों में से एक है जहां न्यायिक सक्रियता के अलावा विधायी तंत्र का भी सुखद अनुभव किया

## भारत की बनी रहे सबसे बड़े लोकतंत्र की छविः जस्टिस सूर्यकांत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकां**त ने कहा कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत है और पृथक्करण व कानून के शासन के सिद्धांतों को ध्यान में रखती है। उन्होंने कहा कि उत्साही न्यायपालिका भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की पहचान है जहां हम कानून के शासन व सुशासन में विश्वास करते हैं और यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि यह प्रतिबद्धता दिन प्रतिदिन बनी रहे।

**भारत में है न्यायिक सक्रियता- जस्टिस सूर्यकांत :** इंडियन काउंसिल फॉर लीगल जस्टिस द्वारा आयोजित 'लोकतांत्रिक विकास में सतत न्यायशास्त्र' पर सेमिनार में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह न्यायपालिका एवं न्यायिक तंत्र ही है जो आमजन की चिंताओं से लगातार एवं व्यापक रूप से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारत में विधायिका की भूमिका को भी कमतर या अनदेखा नहीं करना चाहता। भारत उन लोकतांत्रिक देशों में से एक है जहां न्यायिक सक्रियता के अलावा हमने विधायी तंत्र का भी सुखद अनुभव किया है। जब हम न्यायपालिका की भूमिका के बारे में बात करते हैं तो हम शक्तियों के पृथक्करण और कानून के शासन के सिद्धांतों को भी ध्यान में रखते हैं। हम सभी वास्तव में मानते हैं कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत है। ये बेहद आधारभूत सिद्धांत हैं जो न सिर्फ शक्ति के केंद्रीकरण को रोकते हैं, बल्कि लगातार यह सुनिश्चित करते हैं कि वैश्विक मंच पर भारत की छवि एक सफल एवं सबसे बड़े लोकतंत्र की बनी रहे। पिछले सात दशकों में देश ने सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं नैतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया है और लिखित कानून दिन प्रतिदिन के आधार पर इन सभी बदलावों को प्रतिबिंबित नहीं भी करते हैं।



**प्रणाली**

▶▶ न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारियों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत है: न्यायाधीश सूर्यकांत

## पीओके जल्द भारत में वापस आ मिलेगा: विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) को भारत का अविभाज्य हिस्सा बताते हुए कहा कि वो अंततः भारत में वापस आएगा। जयशंकर ने कहा कि वहां के लोग अब अपनी ही सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। पीओके में बढ़ती अशांति और लगातार हो रही हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए जयशंकर ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पीओके के लोग पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में हो रहे बड़े पैमाने पर विकास को देख रहे हैं और प्रभावित हो रहे हैं।



**पीओके के लोग खुद से पूछ रहे- हम ही क्यों पीड़ित रहें**

पीओके में लोग नियंत्रण रेखा के पार सकारात्मक बदलाव देख रहे हैं और वे खुद से पूछ रहे हैं कि अगर चीजें ऐसी हैं, तो हम क्यों पीड़ित हैं और हम इस तरह के दुर्व्यवहार को क्यों स्वीकार कर रहे हैं? वे निस्संदेह इससे प्रभावित हो रहे हैं। नासिक में 'विश्वबंधु भारत' कार्यक्रम में बोलते हुए कहा जयशंकर ने कहा कि अब बस हमें यह देखना होगा कि ये कब होता है।

**प्रतिक्रिया**

▶▶ पीओके को भारत का अविभाज्य हिस्सा बताते हुए कहा कि वो अंततः भारत में वापस आएगा

# यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए उठाए जाएं सभी कदमः डीएम

**निर्देश**

**▶▶जिलाधिकारी ने बैठक लेते हुए एनएचएआई, लोनिवि और नगर निगम के अधिकारियों को दिये निर्देश**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

जनपद में यातायात व्यवस्था को और अधिक सरल, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जायें। यह निर्देश जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक लेते हुए एनएचएआई, लोनिवि और नगर निगम के अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी गर्ब्याल ने कहा कि नेशनल हाइवे के किनारों से अतिक्रमण को हटाया जाये और अतिक्रमण के सम्बन्ध में न्यायालय की ओर से जारी आदेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व की तथा अतिक्रमण हटने के बाद की फोटोग्राफी अवश्य कराई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 15 दिन के भीतर पुनः अतिक्रमण चिह्नित करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि विकास अनवरत चलने वाली सतत प्रक्रिया है। इस वर्ष कावड़ मेले को पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक सुविधाजनक बनाया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बाहर से आने वाले व्यक्तियों को पार्किंग आदि की जानकारी के लिए विभिन्न चिह्नित स्थानों पर पार्किंग और विभिन्न स्थानों के दिशा-सूचक रेट्रोरिफ्लेक्टिंग हॉर्डिंग्स लगाने के निर्देश नगर निगम तथा एनएच के अभियंताओं को दिये। उन्होंने एनएचएआई, लोनिवि और पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सरल व सुलभ बनाने के लिए पन्तदीप पार्किंग से जल संस्थान तक सात मीटर चौड़ी स्लिप रोड एवं सर्विस रोड निर्माण कराने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिये।

उन्होंने पन्तदीप पार्किंग (चमगादड़) टापू क्षेत्र के रास्तों को स्मूथ करने, पार्किंग स्थल को शतप्रतिशत उपयोग में लाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने रोड़ी बैलवाला चौकी के सामने दिशा-सूचक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वीआईपी घाट के मुख्य मार्ग पर स्थित गेट को बन्द कर दिया जाये तथा वीआईपी घाट के लिए निचले गेट से प्रवेश दिया जाये ताकि हाइवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने केशव आश्रम के सामने, आयरिश पुल और अण्डर पास के नीचे सड़क मरम्मत कार्य कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

# श्रद्धालुओं का सामान चोरी करने वाले आठ लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टप्पेबाजी**

**▶▶-पुलिस ने गिरोह से एक लाख 55 हजार रुपये और सात कीमती मोबाइल किये बरामद**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**

बदरीनाथ धाम में टप्पेबाजी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना पर बदरीनाथ कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से आठ मोबाइल और एक लाख 55 हजार की नकदी बरामद की गई है। उन्हें जेल भेज दिया गया है।

चार धाम यात्रा के दौरान देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु चारधाम के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में धामों में टप्पेबाज गिरोह भी सक्रिय होने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। इस पर चमोली के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार की ओर से धाम में तैनात पुलिस कर्मियों को प्रभावी रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बदरीनाथ कोतवाली पुलिस ने सक्रियता के साथ कार्रवाई करते हुए गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली बदरीनाथ में मामला दर्ज कर उन्हें पुरसाडी जेल भेज दिया गया।

वर्चुअल थाना पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वे सभी गोण्डा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। गिरोह को मुख्य रूप से दिलीप और मुरली ही चलाते है। सभी लोग देश के अलग-अलग स्थानों पर धार्मिक यात्राओं के शुरू होने पर गिरोह बनाकर धामों में पहुंच जाते है और फिर आस-पास की धर्मशालाओं या अन्य जगहों पर किराए पर कमरे लेकर रहने लगते हैं। इस दौरान सभी लोग और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर घूमते रहते हैं, वहीं मौका देखकर स्नान करने अथवा दर्शन करने वाले यात्रियों, श्रद्धालुओं का ध्यान भटकाकर घाट किनारे रखे गए पैसे, मोबाइल फोन, घड़ियां और अन्य कीमती सामान को चोरी कर लेते हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## बेस्ट वैल्यू फॉर मनी ह्यएसयूवीह्व बनी एमजी हेक्टर, नीलसनआईक्यू के सर्वे में हासिल की टॉप रैंकिंग

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया की फ्लैगशिप एसयूवी हेक्टर, एसयूवी सेगमेंट में बेस्ट वैल्यू व्हीकल बनी है। यह कम्फर्टेबल राइड की पेशकश करते हुए आकर्षक फीचर्स से भी लैस है। बता दें कि एमजी हेक्टर ने हाल ही में नीलसनआईक्यू के सर्विस कॉस्ट सर्वे में पॉपुलर हैचबैक कारों और कॉम्पैक्ट एसयूवी के बीच ओनरशिप कॉस्ट के लिए टॉप रैंकिंग हासिल की है। इसके अतिरिक्त, डूम्स के विश्लेषण में भी हेक्टर को रीसेल वैल्यू, फ्यूल एफिशिएंसी/ईंधन दक्षता और कस्टमर सेटिस्फेक्शन/ग्राहक संतुष्टि जैसे फैक्टर्स में सबसे आगे स्थान मिला है।

नीलसनआईक्यू सर्विस कॉस्ट सर्वे ने जनवरी से अगस्त 2021 के बीच खरीदी गई एसयूवी और हैचबैक कारों का विश्लेषण किया और औसतन 3-5 नियमित सर्विसेस पूरी कीं। पेट्रोल मॉडल के लिए, जहां एमजी हेक्टर को कुछ प्रमुख हैचबैक सहित सर्वेक्षण किए गए अन्य सभी व्हीकल्स के बीच अफर्डोबल कॉस्ट ऑफ ओनरशिप के मामले में अग्रणी कार के रूप में स्थान दिया गया। इसके अतिरिक्त, डूम सर्वेक्षण से पता चलता है कि हेक्टर डीजल वैरिएंट 74प्रतिशत के सर्वोच्च रीसेल वैल्यू वाली एसयूवी है, जबकि पेट्रोल संस्करण ने 67 प्रतिशत के रीसेल वैल्यू के साथ प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन किया है।

इस उपलब्धि पर एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि एमजी हेक्टर ने लॉन्च के बाद से ही एसयूवी पसंद करने वाले भारतीय लोगों के बीच अपनी खास जगह बनाई है। एमजी हेक्टर लग्जरी, एफिशिएंसी और बोल्ड व आइकॉनिक डिजाइन के परफेक्ट ब्लेंड/मिश्रण का प्रतीक है। अपने प्रभावशाली फीचर्स के अलावा, हेक्टर लो टोटल कॉस्ट ऑफ ओनरशिप, हाई रीसेल वैल्यू और निर्विवाद क्वॉलिटी के लिए खड़ा है, जो इंडस्ट्री में एक बेंचमार्क सेट करता है।एमजी हेक्टर, भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी 2019 में पेश की गई थी और तब से इसने एसयूवी के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। अपने डुअल पेन पैनोरमिक सनरूफ जैसी कुछ बेस्ट-इन-क्लास ऑफरिंग्स के साथ, एमजी हेक्टर का डीजल वैरिएंट एसयूवी पसंद करने वाले लोगों के लिए एक सर्वश्रेष्ठ पैकेज है, जो अपने वाहनों में टेक्नोलॉजी और शीर्ष प्रदर्शन पसंद करते हैं।

## फाइनोटेक्स केमिकल लिमिटेड को संभावित अधिग्रहण के लिए अग्रिम चर्चा हेतु मंजूरी प्राप्त हुई

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

फाइनोटेक्स केमिकल लिमिटेड (बीएसईः 533333, एनएसईः एफसीएल), एक लीडिंग स्पेशल केमिकल प्रोड्यूसर, ने घोषणा की है कि उसे प्रेफेरेंशिएल इश्यू के वारंट्स के लिए बीएसई और एनएसई से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इससे पहले बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 346 रुपये प्रति वारंट के इश्यू प्राइस पर 42,00,600 कन्वर्टिबल शेयर वारंट्स इश्यू और अलॉटमेंट के माध्यम से संचित करके कुल मिलाकर अधिकतम राशि 146 करोड़ रुपये के धन को जुटाने की मंजूरी दी थी। इसके अलावा, कंपनी वर्तमान में संभावित अधिग्रहण के संबंध में एक स्पेशलिटी केमिकल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के साथ एडवांस्ड डिस्कशन में लगी हुई है। कंपनी का यह टार्गेट प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और कस्टमर बेस उसके वर्तमान बिजनेस ऑपरेशंस के साथ अच्छी तरह से अलाइन्ड होता है। कंपनी ने आगे कहा कि, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि बातचीत और उचित तत्परता चल रही है और यह पहल स्टेकहोल्डर वैल्यू को बढ़ाने, ऑर्गेनिक और इनॉर्गैनिक दोनों विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

1979 में स्थापित, फाइनोटेक्स केमिकल लीडिंग स्पेशल केमिकल प्रोड्यूसर और सोल्यूशन प्रोवाइडर है, जिसका इंटरनेशनल बिजनेस के अलावा डोमेस्टिक टेक्सटाइल इंडस्ट्री के साथ स्पेशलिटी केमिकल्स बाजार में भी अग्रणी स्थान है। कंपनी टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए प्री-ट्रीटमेंट, रंगाई, छपाई और फिनिशिंग प्रॉसेस सहित सारी वैल्यू चेन के लिए केमिकल बनाती है।

# शॉर्ट सर्किट से ज्वेलर्स की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जला

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**

लक्सर बाजार में एक ज्वेलर्स की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दुकान में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आसपास के दुकानदारों ने आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया।

गुरुवार सुबह लक्सर मेन बाजार में वर्मा ज्वेलर्स की दुकान में अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। आनन-फानन में दुकानदार पवन कुमार वर्मा को फोन पर दुकान से धुंआ निकलने की सूचना दी। दुकानदार तुरंत दुकान पर पहुंचे तो दुकान के अंदर आग की लपटे व धुआं दिखाई दे रहा था। आसपास के लोग भी दुकान में आग लगी देख मौके पर इकट्ठा हो गए और पानी डालकर आग पर काबू पाया, मगर तबतक दुकान में रखा फर्नीचर जलकर राख हो गया था। गनीमत यह रही कि आसपास की दुकानें आग की चपेट में आने से बच गई। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है मगर दुकान में काफी नुकसान हुआ है।

वर्मा ज्वेलर्स के मालिक पवन कुमार वर्मा ने बताया कि सुबह लगभग छह बजे मेरे पास फोन आया कि आपकी दुकान में धुआं निकल रहा है। यहां आकर देखा तो दुकान के अंदर भयंकर धुआं और आग की लपटें नजर आ रही थी। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। मगर दुकान का सारा फर्नीचर जलकर खाक हो गया है।

# फर्जी जमीन की खरीद कर ठगी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**



खानपुर पुलिस ने फर्जी जमीन की खरीद-फरोख्त कर रुपये हड़पने वाले गिरोह के एक नटवरलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से रुपये, डायरी आदि कई समान बरामद किया है।

थाना खानपुर के ग्राम अब्दुल रहीमपुर निवासी वसीम अहमद पुत्र निसार अहमद ने सेठ जी उर्फ रोमी चौहान, मुर्तजा कय्यूम, शाबीर अली पर धोखाधड़ी कर जमीन की खरीद फरोख्त करने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने के सम्बन्ध में 13 मई को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच शुरू की। जांच में सामने आया की मुर्तजा निवासी ग्राम जटबहादुरपुर, कय्यूम पुत्र शाबीर अली, शाबीर अली निवासी मुकरपुर, सेठ जी उर्फ रोमी चौहान निवासी सोनालीपुरम रुड़की हरिद्वार के रहने वाले गैंग बनाकर अपराध करते है, जो भोले भाले लोगों को जमीन खरीद फरोख कर निवेश करने व लाभ दिलाने के लुभावने दिखाते हैं।

जांच में पाया गया की उक्त सभी आरोपित स्वंय जमीन खरीद फरोख में पार्टनरशिप करते हैं तथा जमीन का सौदा करते हैं तथा मोटी रकम लेकर सहयोगी से पैसे लेकर धोखाधड़ी करते हैं और धमकाकर लोगों के पैसे वापस नहीं देते है।

इसी के चलते पुलिस ने रोमी चौहान पुत्र एन्थोनी चौहान निवासी सोनालीपुरम म.न. 411 आईआईटीइ रुडकी हरिद्वार को गिररूतार किया।

पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया की वह फर्जी ग्राहक बनकर लोगों के साथ गैग बनाकर षडयन्त्र करते हुए ठगी की।

पुलिस ने आरोपित के पास से चिल्ड्रन नोट 10 गड्डियां, नोट पैड डायरी, 2000 रुपये, बिल बाउचर, व सोने के आभूषण बरामद किए हैं।

पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# चारधाम यात्रा : अब श्रद्धालु धामों में 200 मीटर परिधि में नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल

**चारधाम यात्रा**

**▶▶श्रद्धालुओं की संख्या देखने को मिल रही है, जो सरकार व प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष दोगुनी संख्या में श्रद्धालुओं की संख्या देखने को मिल रही है, जो सरकार व प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। श्रद्धालु अब चारों धामों के मंदिर परिसर के 200 मीटर की परिधि में मोबाइल का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। पंजीकरण के बगैर कोई भी श्रद्धालु यात्रा नहीं कर सकेंगे। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दोगुनी संख्या में श्रद्धालु धामों में दर्शन को पहुंच रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। मुख्य सचिव ने बताया कि चारों धामों के मंदिर परिसर के 200 मीटर की परिधि में कोई भी श्रद्धालु मोबाइल का प्रयोग नहीं कर सकेगा। ताकि मोबाइल के दुरुपयोग को रोका जा सके और दर्शन को सुगम बनाया जाए।

उत्तराखंड शासन ने देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि उनकी ओर से सभी श्रद्धालुओं को अवगत करा दिया जाए कि बिना रजिस्ट्रेशन किसी को भी चारधाम के दर्शन नहीं करने दिए जाएंगे। चेक पोस्ट पर पकड़े जाने पर उन्हें वहीं रोक दिया जाएगा, आगे नहीं जाने दिया जाएगा। व्यवस्थित व सुगम चारधाम यात्रा संचालन में यात्री नियमों का पालन करें।

## पिकअप की चपेट में आने से मासूम की मौत

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**

पिकअप की चपेट में आने से गुरुवार को एक मासूम की मौत हो गई है। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। मासूम की दर्दनाक मौत से गुस्साए परिजनों ने प्रदर्शन कर पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

तीनपानी बाइपास गोजाजाली बिचुली स्थित स्टॉक में आज सुबह पास की बस्ती में रहने वाला 2.5 वर्षीय मासूम गणेश पुत्र संदीप की पिकअप की चपेट में आ गया। इसमें मासूम की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं.74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 15.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/।।/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 23-DRM-MB-24-25 DATE 15.05.2024 | 24-DRM-MB-24-25 DATE 15.05.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision to cover shed over LHS 13,25(BLM-SPC) in the section of SSE/W/BLM under ADEN/II/HRI | Provision to cover shed over LHS 29(RAC-SPC) and 40 (ON-BLM) in the section of SSE/W/SPC & BLM under ADEN/II/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 07.06.2024 16:00 | 07.06.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,40,25,196.97 | 1,40,24,904.18 |
| धरोहर राशि | 2,20,100.00 | 2,20,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 24.05.2024 | 24.05.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

1483/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बार एसोसिएशन ने न्यायालय के समर्थन में चलाया अभियान

**जनमत संग्रह**

**▶▶ संस्थाओं के बीच जाकर जनमत बढ़ाने का हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जतायी गई**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

बार एसोसिएशन ऋषिकेश ने विधि भवन में उच्च न्यायालय स्थानांतरण के समर्थन में जनमत संग्रह के लिए वृहद कार्यक्रम चलाया। जो कि 31 मई तक जारी रहेगा।

विधि भवन में जनमत संग्रह कार्यक्रम के दौरान अधिवक्तागणों और आम जनमानस को जनमत के लिए कैसे प्रेरित किया जाय, और उच्च न्यायालय स्थानांतरण की मुहीम को आगे बढ़ाने के लिए अधिवक्तागणों की ओर से राजनीतिक और गैर राजनीतिक संस्थाओं के बीच जाकर जनमत बढ़ाने का हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जतायी गई।

जब तक हाईकोर्ट या बेंच शिफ्ट नहीं होती हमारा प्रयास जारी रहेगा।

**उत्तर रेलवे**

NO.S/WS/store/tree/24-25/MB दिनांक – 15.05.2024

**नीलामी सूचना**

सहायक मंडल अभियंता/हापुड़ के अधीन माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना में बाधक बुलंदशहर स्टेशन यार्ड में खड़े (77) खतरनाक पेड़ों की नीलामी **सहायक मंडल अभियंता/हापुड़** के कार्यालय में की जायेगी नीलामी के इच्छुक पार्टियों को आमंत्रित करता है कि वे नीलामी में भाग लें।

**नीलामी स्थानः– सहायक मंडल अभियंता/हापुड़** के अधीन दिनांक 28.05.2024 को समय प्रातः 11:00 बजे नीलामी की जायेगी।

3. प्रत्येक क्रेता को नीलामी के दिन सहायक मंडल अभियंता/मुरादाबाद के कार्यालय में रुपये 100/– केवल नकद जमा करने होंगे जो वापस नहीं किए जाएंगे तथा **भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के पक्ष में रुपये 8000/– के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा।**

2. प्रत्येक क्रेता को जो नीलामी में भाग ले रहा है उसे नीलामी के द्वारा बिक्री से सम्बन्धित नियमों एवं भत्तों की जानकारी रखनी होगी।

3. सफल खरीददार को उसी दिन भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीय कृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक मुरादाबाद के पक्ष में निम्नलिखित दर से डिमाण्ड ड्राफ्ट नगद स्टेशन अर्निंग में जमा करना होगा।

क. रू0 1,00,000/– में अधिक की खरीद पर बिक्री मूल्य का 10 प्रतिशत एवं कम से कम रू0 25,000/– (जो भी अधिकतम हो)।

ख. नीलामी की कीमत का बाकी पैसा 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। (नीलामी के दिन को जोड़कर)।

ग. जी.एस.टी @ 18% कुल कीमत पर देय होगा जो कि 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। (नीलामी के दिन कोजोड़कर)

4. पैसे जमा करने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर कार्य सम्पूर्ण करना होगा। (नीलामी के दिन को जोड़कर)

5. रेलवे को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय कार्य को बन्द कर सकती है। ऐसी परिस्थिति में बची हुयी धनराशी बिना ब्याज के वापिस कर दी जाएगी।

6. पेड़ों का सम्पूर्ण विवरण लोकेशन सहित मण्डल कार्यालय मुरादाबाद में उपलब्ध रहेगा।

7. खरीददार पेड़ों की लोकेशन को ध्यान में रखते हुए रेट बोलें।

8. माल की सुपुर्दगी एवं डिलीवरी सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य आर०पी०एफ० एवं आई०एस०ए० की उपस्थिति में की जाएगी।

9. बाकि रकम 10 दिन के अंदर जमा करनी होगी (नीलामी के दिन को जोड कर) अन्यथा पहली रकम जो जमा की गयी है वो जब्त हो जाएगी।

10. खरीददार रेलवे की जमीन पर कोई कच्ची या पक्की छोपडी इत्यादि नहीं बना सकता।

11. बोली बेस प्राइस में नीचे नहीं लगायी जाएगी।

12. डिमाण्ड ड्राफ्ट सहायक मंडल अभियंता/हापुड़ में नीलामी के दिन प्रात 9:00 बजे से 10:30 तक जमा किए जायेंगे बाद में कोई डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रवर मंडल अभियंता/चतुर्थ
उत्तर रेलवे मुरादाबाद

1479/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चारधामः केदारनाथ यात्रा मार्ग पर देवदूत की भूमिका में डीडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान

**केदारनाथ यात्रा**

**▶▶ तीर्थयात्रियों की मदद में जवान रात-दिन जुटे हुए हैं और तत्परता से रेस्क्यू कर राहत पहुंचाने में मुस्तैद हैं।**




**रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तराखंड के केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तैनात डीडीआरएफ, एसडीआरएफ जवान और सेक्टर अधिकारियों की टीमें तीर्थयात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा को लेकर देवदूत बनकर आगे आ रहे हैं। तीर्थयात्रियों की मदद में जवान रात-दिन जुटे हुए हैं और तत्परता से रेस्क्यू कर राहत पहुंचाने में मुस्तैद हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से केदारनाथ पैदल मार्ग में दिक्कतें हो रही हैं। ऐसे में पुलिस, डीडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान तीर्थयात्रियों की सेवा में लगे हैं। दरअसल, केदारनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में हर दिन बढ़ोत्तरी हो रही है।

केदारनाथ धाम दर्शन करने पहुंच रहे किसी भी तीर्थयात्री का स्वास्थ्य खराब और घायल होने या फिर किसी अन्य संकट की स्थिति में केदारनाथ यात्रा मार्ग में तैनात डीडीआरएफ और एसडीआरएफ एवं सेक्टर अधिकारी की टीमें देवदूत बनी हुई हैं। बीमार और घायल व्यक्तियों को तत्काल एमआरपी में उपचार के लिए पहुंचाया ही नहीं जा रहा है बल्कि उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर उन्हें बचाने काम कर रहे हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सेक्टर अधिकारी भीमबली ने उन्हें अवगत कराया कि छोटी लिनचोली में एक यात्री का स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया और चलने में असमर्थ है। यह सूचना मिलते ही यात्रा पड़ाव भीमबली में तैनात डीडीआरएफ की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची और घायल यात्री को एमआरपी छोटी लिनचोली से एमआरपी भीमबली लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद यात्री को गौरीकुंड के लिए रेफर किया गया। डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें उसे गौरीकुंड लेकर गयीं। चिकित्सकों की ओर से बताया गया कि उक्त यात्री की स्थिति अब सामान्य है।

भैंरों मंदिर के पास एक और यात्री की तबीयत अचानक खराब होने पर डीडीआरएफ की टीम ने उसे जंगलचट्टी से रेस्क्यू कर गौरीकुंड अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि गौरीकुंड गेट के ऊपर किसी यात्री से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शन करने घोड़े से जा रही थी। वह महिला यात्री घोडे.से गिरने के कारण घायल हो गई है। सूचना पर डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर उक्त महिला (शकुंतला देवी उम्र 65 वर्ष निवासी इंदौर, मध्य प्रदेश) को स्ट्रेचर के माध्यम से गौरीकुंड लेकर पहुंची।

# कांग्रेस ने चारधाम यात्रा में अव्यवस्था व तीर्थ यात्रियों के परेशान होने का लगाया आरोप

## चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी एक सप्ताह हुआ है और एक दर्जन तीर्थ यात्री अपनी जान गवां चुके हैं

**आरोप**

**यमुनोत्री हो या गंगोत्री केदारनाथ हो या बद्रीनाथ यात्रा रूट सभी तरफ लंबे लंबे जाम लगे हैं**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी एक सप्ताह हुआ है और एक दर्जन तीर्थ यात्री अपनी जान गवां चुके हैं। यमुनोत्री हो या गंगोत्री केदारनाथ हो या बद्रीनाथ यात्रा रूट सभी तरफ लंबे लंबे जाम लगे हैं और यात्री हलकान हैं। सरकार बजाय अव्यवस्था को दुरुस्त करने के पत्रकारों पर रिपोर्टिंग करने के जुर्म में मुकदमे कायम कर रही है।
कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि फरवरी महीने से ही कांग्रेस राज्य सरकार से चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने की मांग कर रही थी। वे स्वयं इस मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सुझाव पत्र सौंप कर आए थे। उन्होंने कहा कि अभी यात्रा शुरू हुए एक सप्ताह हुआ है और एक दर्जन यात्रियों की मौत चिंता पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा कि यात्रा रूटों पर लंबे लंबे जाम लग रहे हैं और अनेक जगहों पर यात्रियों को भोजन पीने के पानी व ठहरने की मुश्किल पेश आ रही हैं।
धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार को बजाय पत्रकारों को धमकाने और उनके विरुद्ध झूठे मामले दर्ज कराने के यात्रियों के पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण व भोजन पानी और ठहरने की व्यवस्था तथा यातायात को सुचारु रखने के लिए फौरी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सब के बावजूद आज तक राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव से सरकार ने कोई जवाब तलब नहीं किया जो यह दर्शाता है कि राज्य के आपदा प्रबंधन सचिव, मुख्य सचिव, मंत्री व मुख्यमंत्री सबसे बड़े हैं क्योंकि आज तक आपदा के इतने ज्वलंत विषय पर उनसे किसी ने कोई सवाल नहीं किया, कार्रवाई तो दूर बात ठहरी।
पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता शीश पाल सिंह भी उपस्थित थे।

# नई शिक्षा नीति के अंतर्गत तृतीय 'युवा संसद' का किया गया आयोजन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल तालाब शाखा देहरादून के प्रांगण में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत तृतीय 'युवा संसद' का आयोजन किया गया।
गुरुवार को आयोजित इस युवा संसद में 12वीं कला संकाय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवेंद्र भसीन (उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय उच्च शिक्षा उन्नयन समिति ,राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार) ,सम्मानित अतिथि अजय कांत शर्मा (उपाध्यक्ष बी एम एस उत्तराखंड , वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी निगम उत्तराखंड) उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने बच्चों के आत्मविश्वास,अनुशासन व प्रतिभा की बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या कविता सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**युवा संसद**

**गुरुवार को आयोजित इस युवा संसद में 12वीं कला संकाय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया**

# घर में लगी आग से वृद्ध की झुलसकर मौत, सारा सामान जलकर राख

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर में लगी आग में झुलसने से एक वृद्ध की मौत हो गई और घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग को बुझाया।
गंगनहर थाना क्षेत्र के लालवाली गली के निकट पुरानी तहसील में आज एक घर में आग लगने की सूचना दमकल की टीम को मिली। सूचना पर जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंची तब तक स्थानीय व्यक्तियों ने आग को बुझा दिया था।
घर में लगी आग की चपेट में आने से एक वृद्ध निसार अहमद पुत्र सद्दीक की मौत हो गई। आग से वृद्ध की मौत के साथ घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि खपरैल की छत भी जल गई और टूटकर गिर गई। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



## चलती बाइक में लगी आग

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली के सामने गुरुवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब देहरादून रोड स्थित नटराज चौक से आ रहे बाइकसवार की मोटरसाइकिल में आग लग गई।आज दोपहर नटराज चौक से दून तिराहा की ओर आ रहे, एक बाइक सवार की बाइक जैसे ही कोतवाली के सामने पहुंची बाइक धू धू कर जलने लगी। इस पर बाइक सवार ने बाइक को रोककर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारी ने आग को बुझाया। आग लगने का कारण बाइक में शाट सर्किट का होना बताया जा रहा है। लोगों में इस बात की चर्चा थी कि बाजार का साप्ताहिक अवकाश होने से बाजार में भीड़भाड कम थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# सीएम को ज्ञापन भेजकर विद्यालय में रिक्त पदों को भरने की मांग की

**युवा संसद**

**गुरुवार को आयोजित इस युवा संसद में 12वीं कला संकाय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज में पिछले छह वर्षों से प्रवक्ताओं के रिक्त पदों के साथ ही अन्य पद रिक्त चल रहे हैं, जिससे छात्रों का भविष्य असुरक्षित बना हुआ है। इस संबंध में अभिभावकों की ओर से गुरुवार को उपजिलाधिकारी थराली के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर विद्यालय में रिक्त पदों को भरने की मांग की गई है।
शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष गोविंद राम सोनी, प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, तारा परिहार आदि का कहना है कि पिछले छह साल से विद्यालय में अंग्रेजी के प्रवक्ता का पद रिक्त चल रहा है। दो साल से अर्थशास्त्र और वर्तमान में भूगोल प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं, वहीं विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी और लिपिकों के पद खाली हैं।
शिक्षक अभिभावक संघ लगातार प्रदेश सरकार से रिक्त पदों को भरने की मांग करता आ रहा है। लेकिन समस्या जस की तस बनी है। उन्होंने कहा है कि स्कूल का नाम बदल कर अटल उत्कृष्ट विद्यालय रखा गया है। पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी और सीबीएसई कोर्स है। लेकिन अभी तक विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम की किताबें भी छात्रों को नही मिली हैं। न ही अंग्रेजी माध्यम के अध्यापक उपलब्ध हैं, जिससे यहां पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि छह जुलाई तक विद्यालय में रिक्त पदों को नहीं भरा जाता है तो सात जुलाई से अभिभावकों को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

## न्यूज फ्लैश

### मेरिल की नेक्स्ट-जेनरेशन मैवाल टी.एच.वी. सीरीज ने ग्लोबल हार्ट वाल्व सेक्टर में भारत को बड़ी कामयाबी दिलाई

**देहरादून /टीम एक्शन इंडिया**
मेरिल लाइफ साइंसेस से जुड़ी रोचक खबर! लैंडमार्क ट्रायल के 30 दिन के परिणाम को 15 मई को फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुए यूरोपीसीआर 2024 में पेश किया गया। यूरोपीसीआर ने लैंडमार्क को टॉप के तीन लेट ब्रेकिंग ट्रायल में शुमार किया और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में इसे एक क्रांतिकारी बदलाव की तरह बताया।
लैंडमार्क स्टडी ने दिखाया कि सुरक्षा और प्रभावकारिता के मामले में मैवाल टी.एच.वी. सीरीज का प्रदर्शन आधुनिक टी.एच.वी. सीरीज की तुलना में बिल्कुल भी कम नहीं था। (24.7प्रतिशत बनाम 27.0 प्रतिशत , प्राइमरी कम्पोजिट एंडप्वॉइंट की घटना जो मृत्यु, स्ट्रोक, ब्लीडिंग, किडनी की समस्या, प्रमुख वैस्कुलर जटिलताएं, मध्यम या गंभीर वाल्व रिगरगिटेशन और नये परमानेंट पेसमेकर इम्प्लाटेंशन की जरूरत का समग्र संयोजन है) प्राथमिक संयुक्त अंतिम बिंदुओं के कॉम्पोनेंट में कोई अंतर नहीं था। सेकेंडरी कम्पोजिट एंडप्वॉइंट में प्रक्रिया कक्ष से बाहर निकलने पर तकनीकी सफलता, 30 दिनों में डिवाइस सफलता और 30 दिनों में प्रारंभिक सुरक्षा दोनों समूहों में तुलनीय थी।
लैंडमार्क ट्रायल के चेयरमैन और स्टडी डायरेक्टर प्रोफेसर सेरस ने कहा मैवाल टी.एच.वी. सीरीज अगली पीढ़ी का टी.एच.वी. उपकरण हैं; ये सैपियन और इवॉल्ट टी.एच.वी. सीरीज के समकक्ष है। मैवाल टी.एच.वी. सीरीज में एक अनोखे साइज का मैट्रिक्स है जो कन्वेंशनल, इंटरमीडिएट और एक्सट्रा लार्ज डायमीटर को शामिल करता है, 1.5 मिलिमीटर का बढ़ता डायमीटर हर रोगी के मल्टी स्लाइस सी.टी. स्कैन और एओर्टिक एन्यूलस एरिया से मेल खाता है, जिसका परिणामस्वरूप इकोकार्डियोग्राफी के लिए काफी मात्रा में ओरिफाइस एरिया प्रोवाइड करता है, जिसका ड्यूरेबिलिटी और लंबे समय तक क्लिनिकल रिजल्ट पर असर हो सकता है। इसके अलावा मैवाल ऑक्टाकोर जिसमें दो पंक्तियों के ऑक्टाग्नल सेल्स और विस्तार के दौरान 19 प्रतिशत मिनिमम फॉरशॉर्टनिंग होने की खूबी होती है, ये किसी भी आधुनिक या परंपरागत डिजाइन से मेल नहीं खाता।
ग्लोबल प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रोफेसर आंद्रेस बौम्बाक के अनुसार, ह्लैंडमार्क ट्रायल ने दिखाया कि मैवाल टी.एच.वी. सीरीज की परफॉर्मेंस उतनी ही सुरक्षित और असरदार थी जितनी कि कन्टेम्परारी टी.एचवी. सीरीज की है।

# द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट खुलने की प्रक्रिया यज्ञ हवन के साथ शुरू

**श्री मद्महेश्वर**

**-इस यात्रा वर्ष मद्महेश्वर के कपाट 20 मई को शुभ मुहुर्त पूर्वाह्न 11.15 बजे दर्शनार्थ खुल जायेंगे**

**देहरादून/उखीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में उखीमठ के समीप स्थित द्वितीय केदार भगवान श्री मद्महेश्वर के कपाट खुलने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गयी है। इस यात्रा वर्ष मद्महेश्वर के कपाट 20 मई को शुभ मुहुर्त पूर्वाह्न 11.15 बजे दर्शनार्थ खुल जायेंगे।



कपाट खुलने की प्रक्रिया के अंतर्गत आज ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में केदारनाथ धाम के रावल 1008 श्री भीमाशंकर लिंग ने पूजा-अर्चना संपन्न की।हवन यज्ञ पश्चात उन्होंने श्री मद्महेश्वर की विग्रह डोली को सभा मंडप में विराजमान किया स्थानीय डगवाड़ी गांव के लोगों और श्रद्धालुओं ने मद्महेश्वर को छावडी अर्थात नये अनाज का भोग चढ़ाया। न्याय के देवता श्री मदमहेश्वर की देवडोली पर फूलों की वर्षा की। 17 को भी भगवान श्री मद्महेश्वर जी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ मंदिर सभामंडप में ही दर्शनार्थ विराजमान रहेगी। 17 मई को भी पूजा- अर्चना एवं नये छावड़ी- अनाज का भोग लगाकर सर्वकल्याण की कामना की जायेगी। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिरसमिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर मद्महेश्वर मंदिर के कपाट खुलने की तैयारियों पूरी की जा रही हैं। मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने देवडोली यात्रा हेतु आदेश जारी किये हैं ताकि देव डोली यात्रा का संचालन समुचित ढ़ग से हो सके। बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने सभी श्रद्धालुओं को शुकामनाएं दी हैं।
बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ बताया कि 18 मई प्रातः को भगवान मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली और देव निशान शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मन्दिर से श्री राकेश्वरी मंदिर रांसी रात्रि विश्राम को पहुंचेगे। 19 मई को श्री राकेश्वरी मंदिर रांसी से प्रवास के दूसरे पड़ाव गोंडार गांव पहुंचेगी।
20 मई सुबह श्री मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली गोंडार से श्री मद्महेश्वर धाम पहुंचेगी और पूर्वाह्न शुभ लग्न में सवा ग्यारह बजे श्री मदमहेश्वर जी के कपाट खुलेंगे।

## मंसा देवी की पहाड़ियों में युवती का शव मिलने से मचा हड़कंप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मंसा देवी मंदिर के पास आज सुबह झाड़ियों में एक 25 वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। नगर कोतवाली पुलिस को मंसा देवी क्षेत्र में पहाड़ी के पास झाड़ियों में एक अज्ञात युवती का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

# बस अड्डा शिफ्ट करने के विरोध में एक मंच पर आए लोग

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शासन की ओर से रोडवेज बस स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट किए जाने के विरोध में कर्मचारियों, व्यापारियों और किसान यूनियन के नेताओं की बैठक हुई। इसमें सभी ने रोडवेज को शहर से बाहर शिफ्ट किए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि अगर रोडवेज अड्डा शिफ्ट किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।
रोडवेज परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि प्रदेश में हरिद्वार जिले के साथ शुरू से ही भेदभाव किया जा रहा है। चाहें मूल निवास का मामला हो या सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दिए जाने का। उन्होंने कहा कि जहां हरिद्वार जिले के रुड़की को कुंभ क्षेत्र से बाहर रखकर विकास कार्यों से वंचित रखा गया तो अब रोडवेज अड्डे और नवीन मंडी को शिफ्ट कर शहर की जनता के साथ सरकार कुठाराघात कर रही है। उन्होंने कहा कि भाकियू क्रांति किसी कीमत पर रोडवेज और मंडी को शहर से बाहर नहीं जाने देगी।
उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि 1986 से यह बस अड्डा यहां पर है और शहर की पहचान है। इसके साथ ही आईआईटी, सीबीआरआइ, एनआईएच आदि जैसे राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय संस्थान यहां हैं। रोडवेज शिफ्ट होने से छात्र-छात्राओं को दिक्कत होगी। इसके साथ ही इसके सहारे चल रहे होटल, रेस्टुरेंट आदि के सैकड़ों संचालक बेरोजगार हो जाएंगे।



# कैंसर रोगियों के लिए खुशखबरी, कालेज के प्राध्यापक यादवेन्द्र का पेटेंट हुआ पंजीकृत



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएमजेएन (पी.जी.) कॉलेज हरिद्वार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महन्त रविन्द्र पुरी ने कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर यादविंदर सिंह को उनके द्वारा फेफड़ों में होने वाले कैंसर का पता लगाने की विधि पर किये गये शोध में पेटेंट पंजीकृत होने पर आज कालेज में सम्मानित किया।
श्री महन्त ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए बताया कि एसएमजेएन (पी.जी.) कॉलेज निरंतर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी नये आयामों को स्थापित कर रहा है। इसके लिए कालेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा के नेतृत्व में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्रा निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहें हैं।
कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने यादविंदर सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह पेटेंट चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और फेफड़ों के कैंसर से होने वाली मानव क्षति को भी रोकने में सहायक होगा। कीमोथेरेपी में भी यह खोज मददगार साबित होगी, क्योंकि कीमोथेरेपी के निष्प्रभावी होने पर भी यह खोज उसे पुनः प्रभावी होगी। प्रोटोकॉल पूर्ण होने पर यह व्यवसायिक तौर पर भी बाजार में उपलब्ध होगी। प्रो. बत्रा ने बताया कि कॉलेज लगातार शोध क्षेत्र में प्रगति कर रहा है तथा पूर्व में भी कॉलेज द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में दो पेटेंट पंजीकृत हो चुके है।
कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने कॉलेज की इस उपलब्धि पर कहा कि यह पल कॉलेज परिवार के लिए गौरव की अनुभूति देने वाला है।

**सम्मानित**

**यादविंदर सिंह को किये गये शोध में पेटेंट पंजीकृत होने पर आज कालेज में किया सम्मानित**

# सगी पोती ने ही बनायी थी दादी की हत्या की योजना, बीबीए का छात्र निकला हत्यारा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में गंगा सप्तमी के पर्व पर मोहल्ला चाकलान में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला की हत्या की मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि उनकी सगी पोती निकली, जिसने युवक को ब्लेकमेल कर दादी की हत्या को अंजाम दिलवाया। पुलिस ने आरोपित पोती व युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतका की हत्या के प्रयुक्त हथौड़ा व अन्य सामान बरामद कर लिया है।हत्याकांड का ज्वालापुर कोतवाली में खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि तीर्थ पुरोहित अनुराग शर्मा गंगा सप्तमी के पर 14 कई को अपनी पत्नी, परिजनों के साथ पूजा अर्चना के लिए हर की पैड़ी गए हुए थे। उनकी बुजुर्ग मां घर पर अकेली थीं। दोपहर के समय चीख पुकार की आवाज सुन पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बुजुर्ग महिला को लहुलुहान हालत में फर्श पर पड़ा पाया।



पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। एसएसपी ने बताया कि प्रकरण में पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से कार्रवाई की। विवेचना में जुटी दस अलग-अलग पुलिस टीमों ने रात-दिन एक करते हुए अलग-अलग एंगल से पड़ताल करते हुए घटनास्थल की ओर आने-जाने वाले रास्तों पर लगे अनेकों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कई संदिग्धों से पूछताछ के साथ ही हत्या के दौरान आवाजाही करते दिख रहे एक संदिग्ध युवक से सख्ती के साथ पूछताछ की तो युवक ने हत्या की बात कबूलते हुए पूरे घटनाक्रम और हत्या की वजह सहित इसमें शामिल सभी किरदारों से पर्दा उठा दिया।

**ये थी हत्या की वजह-**
संदिग्ध युवक बीबीए के छात्र उदित झा ने पूछताछ में बताया कि मृतका की पोती भूमिका (काल्पनिक नाम) का अनुराग और उदित झा का कनखल निवासी आयशा (काल्पनिक नाम) के साथ अफेयर है। भूमिका और आयशा, उदित झा और अनुराग भी आपस में दोस्त हैं। आयशा और उदित झा के प्राइवेट फोटो, वीडियो मृतका की पोती भूमिका के पास थी। भूमिका अपने ब्वायफ्रेंड अनुराग को समय-समय पर काफी पैसे देती रहती थी और उसको आई फोन के लिए भी पैसे दिए थे। बताया कि अनुराग लोकल स्तर पर मात्र 10 से 15 हजार रुपये के बीच की नौकरी करता था, लेकिन भूमिका की वजह से उसको कभी भी पैसों की कमी नहीं रहती थी।घर से धीरे-धीरे करके लगातार पैसे गायब होने पर बुजुर्ग महिला अर्चना ने पैसे छुपाने शुरू कर दिए। बताया गया कि मृतका दादी समझ गई कि उसकी पोती भूमिका ही ऐसा करती है। इससे परेशान होकर दादी को अपने रास्ते से हटाने के लिए भूमिका ने अपने साथियों के साथ मिलकर उदित झा को ब्लैकमेल करते हुए धमकी दी कि तू मेरी दादी को रास्ते से हटा दे वरना तेरी प्राइवेट वीडियो को वायरल कर दिया जाएगा। योजना ये बनी कि जब घर के सभी लोग जरूरी काम से घर से बाहर चले जाएं तो युवक घर जाकर दादी का काम तमाम कर दे।

**प्लान के तहत दिया गया वारदात को अंजाम-**
14 मई को जब गंगा सप्तमी के दिन मृतक महिला अर्चना के घर के सभी सदस्य गंगा स्नान, पूजन के लिए हरिद्वार चले गए तो मृतका की पोती भूमिका ने मुख्य अभियुक्त उदित झा को अपने घर की सारी जानकारी उपलब्ध करवाकर सूचना दी गई। अभियुक्त उदित झा उस समय गंगा पूजा के लिए हर की पैड़ी गया था। वहां से स्कूटी से घर आया और अपने कपड़े चेंज कर रास्ते से अंसारी मार्केट से हथौड़ा खरीदा और अपनी स्कूटी को घर से कुछ दूर खड़ा कर दिया।एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरो से बचने के लिये छाता ओढ़कर पैदल-पैदल गलियों से चलकर मृतका के घर पर आया। दरवाजा मृतका दादी ने खोला। उदित झा ने मृतका के पोते मुकुंद के बारे पूछा और उसे अपना दोस्त बताकर मृतका से पीने के लिये पानी मांगा।

## संपादकीय

# पुरकायस्थ की रिहाई

**प्रसिद्ध न्यू**ज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक व प्रधान सम्पादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी और रिमांड को अमान्य करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें तुरन्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये हैं। उन्हें पिछले साल 3 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम- यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार किया था। उन्हें चीन की ओर से दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का आरोप है कि पुरकायस्थ एवं न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने देश की सम्प्रभुता को बाधित करने एवं देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिये चीन से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी, जिसे 'टेरर फंडिंग' कहा जाता है। पुलिस के मुताबिक भारत की चुनावी प्रक्रिया में दखलंदाजी के उद्देश्य से न्यूजक्लिक ने पीपुल्स एलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्यूलरिज्म के साथ मिलकर कथित रूप से साजिश की थी। इस आरोप में इन दोनों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इस मामले में 9000 पृष्ठों का आरोप पत्र एवं कई उपकरण साक्ष्य के रूप में पेश किये थे, जिनमें मोबाइल, कम्प्यूटर आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि अमित चक्रवर्ती इस वर्ष की जनवरी में सरकारी गवाह बन गये थे जिसके कारण उन्हें 6 मई को जमानत मिल चुकी है। न्यूजक्लिक की ख्याति व्यवस्था के खिलाफ मुखर होकर खबरें देने वाले पोर्टल की है। जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उन्हें तुरंत रिहा करने का आदेश देते हुए कहा साफ किया कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी के पीछे के आरोप आधारहीन व अमान्य हैं क्योंकि गिरफ्तारी के समय उन्हें इस का आधार नहीं बताया गया था। वैसे इस मामले में दिल्ली पुलिस दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है इसलिये पुरकायस्थ की रिहाई ट्रायल कोर्ट के जमानत नियमों के तहत हुई। उन्हें जमानत बॉन्ड भरने के लिये कहा गया है। उनके वकील अर्शदीप खुराना ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी देते हुए कहा कि वे पहले से कहते आये हैं कि यह गिरफ्तारी अवैध है। पुरकायस्थ की रिहाई उन सभी लोगों एवं संगठनों के लिये राहत की बात है जो स्वतंत्र विचारों एवं अभिव्यक्ति की आजादी में भरोसा करते हैं। इनमें अनेक विचारक, लेखक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वैसे तो यूएपीए का यह कानून 1967 में अस्तित्व में आया था जो केन्द्र सरकार को कठोर शक्तियां प्रदान करता है। इसमें 2008 में एक संशोधन लाकर यह नियम बनाया गया कि अगर मामला प्रथम दृष्टया सत्य महसूस होता है तो आरोपी को जमानत देने से इंकार किया जा सकता है। 2019 में केन्द्र सरकार ने इसमें एक और महत्वपूर्ण संशोधन लाकर इसे अधिक कठोर बना दिया है। इस कानून का इसलिये मानवाधिकार संगठन विरोध करते रहे हैं क्योंकि यह लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करता है। किसी के भी वक्तव्यों या कामों को देशविरोधी अथवा उकसाने वाली कार्रवाई बतलाकर उसकी गिरफ्तारी आसान है। जमानत मिलनी कठिन है जो न्याय के अधिकार का भी हनन है। इसका इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों से सम्बन्धित लोगों के खिलाफ भी किया जाता है। इतना ही नहीं, संगठनों के अलावा व्यक्तियों पर भी यूएपीए लागू करने का नियम बनाया गया। अभियोजन के मानकों का इसमें अभाव होने के कारण इसके दुरुपयोग की गुंजाइश बहुत ज्यादा है; और वह जमकर हो भी रहा है। पीयूसीएल ने वर्ष 2022 में एक रिपोर्ट पेश की थी जिसके अनुसार इस नियम की सफलता की दर बहुत कम है।

# धर्म आधारित जनसंख्या का बढ़ता असंतुलन

श्याम जाजू

"दरअसल मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या दर वोटबैंक की राजनीति का परिणाम है। कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी सरीखे कई क्षेत्रीय दलों ने मुसलमानों को एक वोट बैंक के तरीके से इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने तो आजादी के समय से ही सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए मुस्लिम कार्ड खेला है। याद कीजिये ये कांग्रेस ही थी जो सत्ता के लिए धर्म के आधार पर देश का विभाजन करने को तैयार हो गई थी। और ये वही कांग्रेस थी जो एक ओर तो हिन्दुओं से "हम दो, हमारे दो" का आह्वान करती रही है, वहीं दूसरी ओर आज मुसलमानों के लिए "जितनी आबादी, उतना हक" जैसे नारे देती है। पश्चिम बंगाल में तो राजनीतिक लाभ और वोटों की चाह में जनसंख्या विद्रूपता अपने चरम पर है। वहां पर सत्तारूढ़ तृणमूल पर वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने का आरोप है"

**18वीं** लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच एक ऐसी रिपोर्ट आई है जिसे देश पहले से ही जानता था पर आधिकारिक तौर पर मुहर अब लगी है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के द्वारा जारी "धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी-एक क्रॉस कंट्री विश्लेषण (1950-2015)" शीर्षक से एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में बहुसंख्यक (हिंदुओं) की जनसंख्या हिस्सेदारी में गिरावट आई है। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत में 1950 और 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी 1950 में 84.68 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78.06 प्रतिशत हो गई है, अर्थात इसमें 7.82 प्रतिशत की कमी हुई है। जबकि इसी अवधि (65 वर्ष) में मुसलमानों की हिस्सेदारी 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है। अर्थात 43.15 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि। इसी अवधि में ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि, सिखों में 6.58 प्रतिशत की वृद्धि और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गई, जबकि जैन और पारसियों की संख्या में कमी देखी गई।

आजादी के समय देश का धर्म के आधार पर विभाजन हुआ- मुसलमानों और सेक्युलरों के बीच। जहां पकिस्तान केवल मुसलमानों के लिए बना, वहीं हिन्दुस्तान सभी धर्मों और सम्प्रदायों को साथ लेकर चलने वाला देश बन गया। जहां पकिस्तान से चुन चुन कर हिन्दुओं को भेजा गया या मार दिया गया, वहीं हिंदुस्तान में बड़ी संख्या में मुसलमान रह गए, जिनको समानता के साथ देश का नागरिक बने रहने का अधिकार मिला। कालखंड में इनकी संख्या बढ़ती गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत सेक्युलर है और यहां के बहुसंख्यक हिंदू सेक्युलर हैं। यही वजह है कि यहां और धर्मों और सम्प्रदायों को मानने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। शोर के विपरीत, इस रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चलता है कि अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि वास्तव में भारत में फल-फूल रहे हैं। पर इस रिपोर्ट का एक दूसरा भी पहलू है। वह यह कि जैसे-जैसे हिन्दुओं की संख्या घटेगी, देश में सेक्युलरिज्म की अवधारणा पर चोट पहुंचेगी। हाल की दिनों में यह स्पष्टता से देखने में आया है। जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं वहां इनटॉलेरेंस बढ़ने की, शरिया लागू करने की मांग उभर कर आ रही है। देश के अनेक राज्यों और जिलों में जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हुए हैं, वहां हिन्दुओं के धार्मिक जुलूसों पर पथराव, हिंदू मान्यताओं का विरोध आदि शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल और केरल इसके मुख्य



उदाहरण हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं ( ये राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं - लद्दाख, जम्मू व कश्मीर, लक्षद्वीप, मिजोरम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, और अरुणाचल प्रदेश)। कुछ लोग पंजाब का भी नाम लेते हैं पर वहां के बहुसंख्यक सिख हिन्दुओं का ही बृहत्तर हिस्सा हैं। इसके अलावा देश ऐसे कई राज्य हैं जहां हिन्दुओं की जनसंख्या तेजी से घट रही है और मुस्लिम जनसंख्या बढ़ रही है, जैसे कि पश्चिम बंगाल, केरल और उत्तराखंड जहां पर 2001 से 2011 के दशक में ही यह वृद्धि दो प्रशित की थी। 2011 के बाद निस्संदेह यह संख्या बढ़ ही रही है इकोनॉमिक और पॉलिटिकल वीकली में छपी एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार केवल प्रदेशों में ही नहीं, देश के अनेकों जिलों में जनसंख्या का असंतुलन चिंताजनक तरीके से बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार देश के 458 जिलों में 2001 से 2011 के बीच मुस्लिम आबादी की वृद्धि 24.4 प्रतिशत की थी. कई जिले तो ऐसे हैं जो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल हो गए हैं। उदाहरण के तौर पर बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी है। यहां पर 66.8 प्रतिशत और इसके नंबर आता है मालदा जिले का, जहां 51.27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। दरअसल मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या दर वोटबैंक की राजनीति का परिणाम है। कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी सरीखे कई क्षेत्रीय दलों ने मुसलमानों को एक वोट बैंक के तरीके से इस्तेमाल किया है। कांग्रेस ने तो आजादी के समय से ही सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए मुस्लिम कार्ड खेला है। याद कीजिये ये कांग्रेस ही थी जो सत्ता के लिए धर्म के आधार पर देश का विभाजन करने को तैयार हो गई थी। और ये वही कांग्रेस थी जो एक ओर तो हिन्दुओं से "हम दो, हमारे दो" का आह्वान करती रही है, वहीं दूसरी ओर आज मुसलमानों के लिए "जितनी आबादी, उतना हक" जैसे नारे देती है। पश्चिम बंगाल में तो राजनीतिक लाभ और वोटों की चाह में जनसंख्या विद्रूपता अपने चरम पर है। वहां पर सत्तारूढ़ तृणमूल पर वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने का आरोप है। बंगाल सरकार की शह पर घुसपैठियों ने कथित तौर पर वोटर कार्ड से लेकर राशन, आधार कार्ड व पासपोर्ट जैसे दस्तावेज तक बना लिए हैं, जिससे मुस्लिम संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जो चुनाव में अहम रोल निभाते हैं। आज बंगाल में मुस्लिम वोट बड़ा फैक्टर बन गया है। ये लोकसभा की 42 में से 13 सीटों और विधानसभा की 294 सीटों में से करीब सौ सीटों पर हार-जीत करते हैं। बांग्लादेश की सीमा से लगने वाले जिलों उत्तर दिनाजपुर में 49.92 प्रतिशत, बीरभूम में 37.06 प्रतिशत, दक्षिण 24 परगना में 35.57 प्रतिशत और उत्तर 24 परगना में 30 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, जो तृणमूल का वोट बैंक बन गई है। सीएसडीएस-लोकनीति पोस्ट पोल विश्लेषण के अनुसार, 2021 के चुनाव में 10 में से लगभग 8 मुसलमानों ने टीएमसी को वोट दिया था जो टीएमसी की जीत का कारण बना आज भारत को एक व्यापक जनसंख्या नीति की जरूरत है। धर्म आधारित जनसंख्या असंतुलन को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जनसंख्या का यह असंतुलन ही अंत में भौगोलिक सीमा में बदलाव का कारक होता है। यह हम 1947 में देख चुके हैं जब देश का विभाजन जनसंख्या के असंतुलन के कारण ही हुआ था। दुनिया में भी जनसंख्या असंतुलन से हुए बदलावों के कई उदहारण हैं जैसे कि ईस्ट तिमोर, दक्षिण सूडान और कोसोवो आदि जनसंख्या में असंतुलन के कारण ही नए देश बने हैं। लेबनान जैसे अति समृद्ध देश जनसंख्या असंतुलन के कारण तबाह हो गए।समय आ गया है कि केंद्र में आने वाली एनडीए की सरकार कुछ सख्त फैसले ले और देश में जनसंख्या नियंत्रण, समान अचार संहिता जैसे कानून लाए। इससे आबादी बढ़ा कर राजनीतिक सत्ता हासिल करने की प्रवत्ति पर रोक लगेगी। जनसंख्या नियंत्रित होने से देश के हर नागरिक, चाहे वो किसी मजहब को मानने वाला हो, के कल्याण के लिए देश के संसाधनों के सम्यक उपयोग का रास्ता प्रशस्त होगा। यह संतोष की बात है कि इस पर प्रयास पहले ही शुरू हो गए हैं। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होना एक सार्थक शुरूआत है। वहीं जनसंख्या नियंत्रण पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगाह किया है कि परिवार नियोजन के जरिए जनसंख्या नियंत्रण की बात करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इससे जनसंख्या असंतुलन की स्थिति पैदा न हो पाए। उत्तर प्रदेश लॉ कमीशन ने उत्तर प्रदेश जनसंख्या (नियंत्रण, स्थिरीकरण और कल्याण) बिल 2021 का एक ड्राफ्ट सरकार को सौंपा है जिस पर निर्णय होना बाकी है। इससे पहले 2019 में भाजपा के राज्यसभा सदस्य राकेश सिन्हा भी टू चाइल्ड पॉलिसी पर एक प्राइवेट मेम्बर बिल लेकर आए थे। पॉपुलेशन रेगुलेशन बिल 2019 नाम वाले इस बिल में सरकारी योजनाओं का विशेष तौर पर तो जिक्र नहीं था, लेकिन उन्होंने सांसद, विधायक से लेकर स्थानीय निकाय चुनाव, लोन देने से लेकर राशन देने में इस नीति को लागू करने की बात की थी।

दरअसल जनसंख्या नियंत्रण और स्थिरीकरण तथा इसके लिए प्रस्तावित टू चाइल्ड पॉलिसी के पीछे का भाव है कि यदि जनसंख्या कम होगी, तो संसाधन लंबे समय तक चल पाएंगे और सरकार लोगों को बेहतर सुविधाएं दे पाएगी। फिर चाहे वो शिक्षा हो या फिर राशन या फिर स्वास्थ्य सुविधाएं।

साथ ही यह विचार भी है कि अगर कोई जानबूझ कर परिवार नियोजन के तरीके न अपनाते हुए लगातार बच्चे पैदा करता है, तो उनके रखरखाव की जिम्मेदारी सरकार की नहीं होनी चाहिए। ये जिम्मेदारी परिवार की होनी चाहिए। जनसंख्या नियंत्रण में दूसरा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है इस्लाम में मिलने वाली बहु विवाह की इजाजत। मुसलमान मर्दों को चार महिलाओं से शादी करने की इजाजत है।

## कविता

### माँ कहे रुक जा रे रुक जा नशे को कहो नहीं

मां कहे रुक जा रे रुक जा।

नशे को कहो नहीं।

जो होता नशा अच्छा।

तो पिता कहता इसे सही।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............

जो बात पिता ने कभी नहीं कही।

जीवन में इसे मानो चाहे रहो तुम कहीं।

शिक्षा के मंदिर में गुरुओं ने कब कहा।

यदि होता कुछ भी अच्छा, तो देते वो पढा।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............

ईश्वर के घर में भी शिक्षा यह मिली।

नशे से करो दूरी जो रहना है सुखी।

मित्र सच्चा वो है जो कुसंग से बचाए।

भटके हुए मित्र को सद्मार्ग दिखाए।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............
पत्नी वो देवी है जो घर को है बसाती।

पति जब हो जाए नशेड़ी, तो समस्या बहुत आती।

ऐसे में है उपाय, सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में जाओ

निशुल्क उपचार है इसका वहां से लाभ उठाओ।

माँ कहे रुक जा रे रुक जा............

अशोक कुमार

## सजन रे ! झूठ ही बोलो

सुनील कुमार महला

**बहुत समय प**हले वर्ष 1966 में एक फिल्म आई थी। फिल्म का नाम था-तीसरी कसम। इस फिल्म का एक गाना बहुत प्रसिद्ध हुआ था जिसके बोल थे-सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है, न हाथी है, न घोड़ा है, वहां पैदल ही जाना है...! आप कहेंगे कि लेखक जी आज आप झूठ की बात क्यों कर रहे हैं? तो बात यह है कि आज दुनिया झूठ के बल पर ही तो चल रही है। झूठ पर झूठ फेंकों और तमाशा देखो। हमारे खासमखास रामलुभाया जी नेता हैं और इस समय देश में चुनावी सीजन भी चल रहा है। रामलुभाया जी चुनावों में जीत हासिल करने के लिए जमकर झूठ बोल रहे हैं। वो जनता के बीच झूठ पर झूठ को हवा में लहराते हैं और स्वयं को ईमानदार छवि वाला बताते हैं। वैसे झूठ बोलना कोई आसान काम नहीं है। झूठ बोलना भी एक कला है। कहते हैं कि एक झूठ को सौ-पचास बार बोलते हैं तो वह सच का अहसास देने लगता है। इसलिए आमजन द्वारा झूठ को ही सच माना जा रहा है। खैर, नेता तो नेता हैं आखिर। हमें लगता है कि ऐसे लोगों को खुदा के पास नहीं जाना। खुदा के पास जाना होता तो वे कभी भी झूठ नहीं बोलते। वे कहते हैं -"सजन रे झूठ ही बोलो, ये झूठ का ही जमाना है, झूठ में ही हाथी है और झूठ में ही घोड़ा है। तात्पर्य है कि झूठ बोलकर चुनाव जीत जायेंगे और चुनाव जीतने पर हाथी-घोड़ा,बंगला, नौकर-चाकर सब मिल जायेंगे। इसलिए झूठ बोला जाना चुनावी सीजन का अपरिहार्य तत्व है। अब आप ही बताइए कि झूठ बोलकर सत्ता प्राप्त करेंगे तो खुदा के पास क्यों जायेंगे ? यहीं रहेंगे, इसी जमीन पर। ?राज करेंगे, राज ! अजी सत्ता की कुर्सी में ही तो खुदा है और जब खुदा यहीं पर इस जमीं पर ही है तो उनके पास क्यों जाना ? ऐसे लोगों को सत्ता की मलाई में खुदा दिखता है। इसलिए झूठ पर झूठ परोसिए और सुर्खियों में रहिए। सच कहें तो झूठ और कुर्सी में सीधा संबंध पाया जाता है। आप जितना झूठ बोलेंगे, कुर्सी आपके उतनी ही नजदीक आती चली जायेगी। अजी ! राजनीति का कारोबार झूठ से ही तो चलता है।अजी ! झूठ बराबर कोई भी तप नहीं है। चुनावी समय में नेताओं के ठेठ झूठे भाषण सुनकर कभी कभी तो हमें लगता है कि झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। नेताओं के झूठ को जनता सच मानती है और सिर-आंखों पर बैठाती है। खैर, जो है सो है। वैसे आजकल झूठ बोलने वालों को कौआ भी नहीं काटता। कौए भी आजकल सच बोलने वालों को ही काटते हैं।झूठ बोलने वालों को कौआ काटने की बातें आजकल हवा-हवाई हो चलीं हैं। झूठ बोलने पर कौए काट रहे होते तो सारे हास्पीटल मरीजों से लद-पद हो जाते। यहीं कारण है कि आज सर्वत्र झूठ का बोलबाला है।

झूठ की पावर देखते हुए हम तो यही कह सकते हैं कि झूठमेव जयते। यह भी किसी ने गलत ही कहा है कि झूठ के पांव नहीं होते। अजी पांव होते हैं तभी तो झूठ, सत्ता की कुर्सी तक पहुंच पाता है। दाद देनी पड़ेगी रामलुभाया जी की, चुनावों में खड़े होने के बाद इतना सलीके से झूठ बोलते हैं कि बेचारे वोटर ऐतबार न करें तो और क्या करें।

## विचार

# झूठे विज्ञापनों के चंगुल में फंसने से कैसे बचें ग्राहक?

डॉ. रमेश ठाकुर

**देशभर में** झूठे, भ्रामक, फरेब, जालसाज जैसे विज्ञापनों का मामला गमार्या हुआ है। चाहे टीवी हों, अखबार हों या सोशल मीडिया हर जगहे झूठे विज्ञापन भरे हैं। झूठे विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए तमाम सख्त नियम मौजूद हैं। कानून भी हल्के नहीं, कठोर हैं। लेकिन, सभी हाथी के सफेद दांत जैसे निष्क्रिय ही हैं? निष्क्रिय क्यों हैं या किए हुए हैं। इस गणित को भी आसानी से समझ सकते हैं। दरअसल, झूठा विज्ञापन तंत्र कइयों की जेबें भर रहा है। एक पूरी चेन है इस खेल में? विज्ञापन कंपनियों से लेकर नामचीन हस्तियों, आर्टिस्ट व सरकारों का सीधा वास्ता है, सभी मिलकर मोटा माल काट रहे हैं। ताज्जुब होता है कि ऐसी फिल्मी हस्तियां जो शराब नहीं पीतीं, लेकिन दारू का विज्ञापन करती हैं। ऐसे क्रिकेटर जो गुटखा-खैनी को हाथ तक नहीं लगाते? पर पैसों की चाह में उसका विज्ञापन करते हैं। ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और हस्तियों पर जुमार्ने का दिखावा-डर कैसे दिखाया जाता है, जिसका एक ताजा उदाहरण सामने हैं। आज से 5 वर्ष पहले, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून-1986 को रिफार्म करके केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नए कानून उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 के रूप में इस नियत से पारित किया था कि अब झूठे विज्ञापनों पर पूर्ण विराम लगेगा। लेकिन दुर्भाग्य वैसा हो न सका। तब, नियम तो ऐसे बनाए गए थे कि किसी ब्रांड का अगर कोई नामचीन व्यक्ति झूठा एड करेगा, उस पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना या पांच वर्ष तक की जेल भी हो सकती है। वो बदला हुआ कानून भी कराह रहा है। मौजूदा समय में टीवी के पर्दे झूठे विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। सवाल उठता है, क्या उन्हें सरकार की निगरानी समिति नहीं देखती? जरूर देखती है, लेकिन देखकर अपनी आंखें मूंद लेती हैं। बीते कुछ महीनों में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की विज्ञापन निगरानी समिति ने खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों के जरिए भ्रामक दावों वाले करीब तीन दर्जन केसों की पहचान की, और ये सिलसिला रुका नहीं, बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहा है। समिति केंद्र सरकार को अप्रोच करती है कि रोकथाम लगाएं, लेकिन उनकी भी कोई नहीं सुनता? झूठे विज्ञापन के लिहाज से हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अब तक का सबसे बड़ा मामला एक्सप्रोज किया। भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने पर बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को तगड़ी फटकार लगाई, उनकी मार्केटिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाया। सरकार को कमर कसना होगा इस समस्या को रोकने के लिए, वरना चीजें और बिगडेंगी। बाएं हाथ का खेल है हुकूमतों का? हजार्ना और सजा दोनों बिना देर किए एक्टिव की जाएं। हालांकि, कंपनियां और हुकूमतें भी अच्छे से जानती हैं कि ये धंधा गंदा हैं, जनता परेशान है। पर, क्या करें, अंधी कमाई के सामने वो भी नतमस्तक हैं।

पतंजलि केस को सुप्रीम कोर्ट में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दायर किया था। उनका आरोप है कि पतंजलि ने एलोपैथिक चिकित्सा को बदनाम किया है। कोविड-19 के दौरान टीकों के बारे में गलत जानकारी देश में फैलाई। हालांकि, इस मामले में चारों तरफ से जब बाबा फंसे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से मांफी भी मांगी। पर, कायदे से देखें तो उनकी माफी इस बात पर मुहर लगाती है कि उनकी मंशा झूठे दावों की आड़ में क्या करने की रही होगी? पंतजलि का मामला इसलिए उजागर हुआ, क्योंकि उसे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कोर्ट में खदेड़ा। वरना, शिकायतें और भी बहुतेरे पीड़ित करते हैं, जिनकी सुनवाई कोई करना मुनासिब नहीं समझता? एक बात पल्ले नहीं पड़ती कि पढ़ा लिखा और जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा है। ये सोची समझी साजिश ही है। बहरहाल, झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर जैसे ही हमले होने शुरू हुए, उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया है। सोशल मीडिया की घेराबंदी कर ली। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भद्दे, अश्लील और अशोभनीय विज्ञापनों की मौजूदा समय में भरमार है। लिंग वृद्धि, स्टेमिना बढ़ाना, मदार्ना जोश बढ़ाना, लंबा-ऊंचाई में वृद्धि करने जैसे तमाम असभ्य विज्ञापन इस वक्त दिखाई पड़ते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कश्मीरी जनादेश में वोटरों की बढ़ती भागीदारी

रोहित माहेश्वरी

**संसद के** जरिए 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया। उसके बाद का यह पहला लोकसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट पर आम चुनाव के चौथे चरण में करीब 38 फीसदी मतदान हुआ। यह 1996 के बाद सर्वाधिक मतदान है। तब 40.9 फीसदी वोट डाले गए थे। राष्ट्रीय संदर्भ में यह बहुत कम मतदान लग सकता है, लेकिन कश्मीर के नाजुक हालात के मद्देनजर यह ऐतिहासिक और उत्साही मतदान है। 1998 के 30 फीसदी मतदान का भी रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले आम चुनाव 2019 में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पहले, श्रीनगर सीट पर मात्र 14 फीसदी मतदान हुआ था। चुनावी लोकतंत्र और कश्मीरी जनादेश को मतदाताओं की ऐसी भागीदारी से ताकत मिलेगी। हालांकि अमन-चैन और संपूर्ण सामान्य हालात बनना फिलहाल एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन कश्मीर बदला है और बदल रहा है। कश्मीरी घाटी में मतदान के ऐसे रुझानों को पढना और समझना बेहद मुश्किल और पेचीदा है। मतदान पर दमन और दबाव के आरोप लगते रहे हैं। मतदान से पहले सुरक्षा-व्यवस्था सबसे अहम सरोकार था, क्योंकि 4 मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला किया गया था। पुंछ इलाके के उस हमले में हमारा एक जांबाज सैनिक शहीद हुआ और 4 सैनिक घायल हुए थे। कश्मीर में ऐसा टुकड़े-टुकड़े आतंकवाद आज भी मौजूद है। कश्मीर का राजधानी-शहर श्रीनगर आज चहल-पहल में डूबा है। लोग पार्क में बैठे पार्टी कर रहे हैं और पत्रकारों को भी चाय-नाश्ते की पेशकश कर रहे हैं। श्रीनगर में चुनाव के वक्त इसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी। लोग प्रधानमंत्री मोदी और उनके बदलावों की भी चर्चा कर रहे थे। घाटी में तो भाजपा का अस्तित्व ही नहीं रहा है।

भाजपा ने अपना उम्मीदवार भी श्रीनगर से खड़ा नहीं किया था। वह किसी अपनी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस को चुनावी समर्थन दे रही थी, यह भी गप्पबाजी के अलावा कुछ नहीं है। श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस और महबूबा मुफ्ती की पीडीपी ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी उतारे थे, हालांकि दोनों ही इंडिया गठबंधन के घटक हैं।

## एक देश,एक रंगीला ,दूसरा बर्दाश्त नहीं

राकेश

**हम** तेजी से एक देश,एक निशान,एक विधान ,एक नेता ,एक भगवान की और आगे बढ़ रहे हैं ,इसीलिए हमें इस देश में रंगीला भी एक चाहिए । दूसरा कोई रंगीला हम बर्दाश्त नहीं कर सकते,फिर चाहे वो श्याम रंगीला हो या राम रंगीला। इस देश में एक ही रंगीला है। दूसरे की कल्पना करना ही जुर्म है ।राष्ट्रद्रोह है। वाराणसी के श्याम रंगीला को कल तक कोई नहीं जानता था,लेकिन आज पूरा देश जान गया है। श्याम रंगीला हास्य कलाकार है। हमारे यहां हास्य कलाकारों को पहले जोकर ,बाद में विदूषक और अब कॉमेडियन कहा जाता है। कॉमेडियन श्याम रंगीला बनारस से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते थे ,लेकिन उनका नामांकन खारिज हो गया है। उन्होंने वाराणसी से पर्चा भरा था. जांच के बाद श्याम रंगीला का पर्चा खारिज हो गया।
नामांकन रद्द होने के बाद उन्होंने कहा कि ह्यवाराणसी से नहीं लड़ने देंगे यह तय था, अब साफ हो गया। दिल जरूर टूट गया है, हौंसला नहीं टूटा है.। श्याम रंगीला की तरह 32 और लोगों के नामांकन पात्र खारिज कर दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी की मजबूरी थी कि वो ऐसा करे । यदि न करता तो उसकी छुट्टी हो जाती। बाकी का तो पता नहीं लेकिन श्याम रंगीला के नामांकन को लेकर देश में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं आयी है। बनारस में माननीय मोदी जी को हराना फिलहाल किसी के बूते की बात नहीं है । कांग्रेस के अजय राय की भी नहीं ,फिर भी राय लगातार तीसरी बार माननीय मोदी जी के सामने खड़े हुए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी का बस नहीं चलता अन्यथा वो राय साहब का नामांकन भी उसी तरह खारिज कर देता जिस तरह सूरत में हुआ ,जिस तरह खजुराहो में हुआ। जहाँ नामांकन रद्द नहीं हो सकता वहां सत्तारूढ़ दल प्रतिद्वंदी पार्टी के उम्मीदवार को खरीद लेता है या नाम वापस करा लेता है। रंगीला यदि चुनाव लादते तो कोई आसमान नहीं टूट जात। रंगीला की तरह अन्य 32 लोग भी यदि मोदी जी के खिलाफ खड़े रहते तो भी आसमान को नहीं टूटना था लेकिन मोदी जी का दिल जरूर टूट जाता।

## न्यूज फ्लैश

### सीजेएम ने किया नारी निकेतन का दौरा महिलाओं को दिए जाने वाले भोजन को जांचा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव डॉ. सविता कुमारी ने वीरवार को नारी निकेतन में रहने वाले महिला/कैदियों को दी जा रही सुविधाओं की जांच के लिए नारी निकेतन का दौरा किया। उन्होंने महिलाओं के साथ भी बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया। अधीक्षक को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित / प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि महिलाओं को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। सीजेएम ने नारी निकेतन में महिलाओं को दिए जाने वाले भोजन को भी जांच और परखा। साथ ही साथ वहां रहने वाली सभी महिलाओं से बातचीत की और उनसे उनको हो रही किसी भी तरह की असुविधा के बारे में पूछा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष रूप से उन महिलाओं को विभिन्न कानूनी सहायता योजनाओं और ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया आदि के बारे में अवगत कराया गया। महिला न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और महिलाओं के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। उन्होंने अधिकारियों को नारी निकेतन और निरीक्षण गृह के पास साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत कर उनको होने वाली किसी असुविधा के बारे में पूछा, जिस पर किसने कहा कि हमें यहां किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं हो रही है।

### ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड का आईपीओ 22 मई, 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** सीबीआरई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सबसे बड़ी फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस सॉल्यूशंस कंपनी, ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड (कंपनी), 22 मई 2024 को इक्विटी शेयरों का



अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (ऑफर) खोलने का प्रस्ताव करती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी 21 मई, 2024 को। बोली/ऑफर बंद होने की तारीख 27 मई, 2024 को होगी। प्राइस बैंड रु364 प्रति इक्विटी शेयर से रु 383प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 39 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 39 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं। ऑफर में रु 1,280.00 मिलियन तक के कुल मिलाकर इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (ताजा इश्यू) और मिलियन तक के कुल मिलाकर 12,295,699 इक्विटी शेयरों (ऑफर किए गए शेयर) तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। जिसमें कुल मिलाकर 6,615,586 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जो कि पीक पार्टनर्स इन्वेस्टमेंट्स (पूर्व में रउकइन्वेस्टमेंट्स श के रूप में जाना जाता था) (पीक श या प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा रुमिलियन तक है, कुल मिलाकर 5,594,912 इक्विटी शेयर तक बिस्क लिमिटेड द्वारा मिलियन तक और लिंक इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट द्वारा रुमिलियन तक कुल मिलाकर 85,201 इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से, सेलिंग शेयरधारक और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए ऐसे प्रस्ताव, बिक्री के लिए प्रस्ताव) शामिल हैं। यह ऑफर हमारी कंपनी की पोस्ट-ऑफर प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का % होगा। ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए ? 20.00 मिलियन (हमारी कंपनी की पोस्ट ऑफर पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी के% तक का गठन) तक कुल मिलाकर इक्विटी शेयरों तक का आरक्षण शामिल है।

# विकासशील भारत से विकसित भारत बनाने के लिए पीएम मोदी को वोट दें : नायब सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना है तो बीजेपी को वोट दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही मजबूत और सुरक्षित भारत बनाकर विकास की गाथा लिख सकते हैं। विकासशील भारत से विकसित भारत बनाने के लिए आपको पीएम मोदी को मजबूत बहुमत से जीताना होगा। कमजोर विचारधारा वाली पार्टी को जीताने से भारत का नुकसान होगा। पीएम मोदी ने विश्व में एक नये भारत का निर्माण किया है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे। करनाल में मुख्यमंत्री सैनी ने चुनाव प्रचार के दौरान शहर के कई स्थलों पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने आर्य समाज में भी जाकर पूजा अर्चना भी किया। मुख्यमंत्री के समक्ष आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी डॉ. संतलाल, श्यामा देवी और प्रो. सागर सैनी ने अपने समर्थकों के साथ बीजेपी को ज्वाइंन किया।




## कांग्रेस को संविधान, लोकतंत्र और न्यायालय पर भरोसा नहीं: नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** घमंडिया गठबंधन वोट जिहाद कर सरकार बनाना चाहती है। यह उनकी मंशा सफल नहीं होगी। कांग्रेस पार्टी को संविधान, लोकतंत्र और न्यायालय पर भरोसा नहीं है, वह अपने को सभी से ऊपर मान बैठी है। कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ रहा है। वर्ष 2029 तक कांग्रेस लुप्त हो जाएगी। उस पार्टी को उम्मीदवार नहीं मिल रहे है। बीजेपी ही है जो अपने काम के ऊपर वोट मांग रही है। कांग्रेस और उनकी सहयोगी इंडिया गठबंधन झूठ और भय का माहौल पैदाकर लोगों को बरगला रही है और देश को कमजोर करने की साजिश कर रही है। जनता में कांग्रेस के प्रति अविश्वास है। आज 50 साल सत्ता में रहने के बावजूद गारंटी देने की बात कर रही है, यह बड़ी हास्यास्पद है। उक्त बातें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलसेन ऑडिटोरियम में एक निजी चैनल के कार्यक्रम कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिखों के गुनहगारों को सम्मान करने का काम किया, जबकि पीएम नरेन्द्र मोदी ने सजा दिलवाई। कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया, जबकि मोदी सरकार ने विश्व में लोगों का मान-सम्मान बढाया। कांग्रेस एक ओर देश की समस्या के समाधान में रूचि नहीं ली, हमारे पीएम मोदी ने देश की समस्यॉं का समाधान बखूबी किया, जो प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस दुष्प्रचार कर रही है। राहुल गांधी गरीबों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। सभी को इससे बचना होगा। कांग्रेस पार्टी परिवार मोह में फंसकर देश के विकास को अवरूद्ध कर रही है। 55 सालों में गरीबी हटाओं का नारा देने वाली कांग्रेस लोगों को सिर्फ सपने दिखाती रही, जबकि दस वर्षों में पीएम मोदी ने सच्चे अर्थों में गरीबी हटाने का काम किया है। आज गांव से लेकर शहर तक विकास की धारा बह रही है। 2014 और 2024 के करनाल में साफ अंतर दिखता है। हमारी सरकार ने स्थानीय पार्कों को आधुनिक बनाया गया है और पार्क को एलईडी बल्ब से रौशन किया है। आज करनाल में कई योजनाएं चल रही है, जिसका फायदा शहरवासियों को मिल रहा है।

आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए सैनी ने कहा कि यह पार्टी महिलाओं का अपमान करती है। महिलाएं आम आदमी की पार्टी से सतर्क रहें। केजरीवाल की मंशा लोगों को बरगलाने की है। वे अपने जाल में कांग्रेस को फांस कर उल्लू बना रहे हैं। आज लोग मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की चाल को समझ गए हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि 25 मई को कमल के फूल पर वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को और मजबूत करें।

## अब आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा को दिया समर्थन




टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा में अब आप पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गुरुवार को अब आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सागर सिंह सैनी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सुखीजा को समर्थन पत्र सौंपा। साथ में भाजपा नेता अमरनाथ सौदा व अब आप पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। समर्थन पत्र में कहा गया कि अब आप पार्टी हरियाणा में सभी 10 सीटों पर भाजपा को समर्थन देगी। भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए उनके लिए वोट की अपील की जाएगी। सागर सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर चलकर देश में विकास कार्य करवाए हैं। हर वर्ग के व्यक्ति को साथ लेकर हर वर्ग को विकास पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ओबीसी समाज का सम्मान बढ़ा है। उनके मुख्यमंत्री बनने से देश में एक अच्छा संदेश गया है।

**समर्थन**

**⏩ आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सागर सिंह सैनी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सुखीजा को समर्थन पत्र सौंपा**

अशोक सुखीजा ने कहा कि अब आप पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकताओं को भाजपा की ओर से मान.सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा ही दुनिया का सबसे मजबूत राजनीतिक दल है।

इस मौके पर अब आप पार्टी के पानीपत जिला प्रधान दिलबाग सिंह, प्रदेश कानूनी सलाहकार धर्मेंद्र वकील, सोनीपत जिला प्रधान डा. संतलाल भंडेरी, रोहतक जिला प्रधान पंकज ढींगड़ा, पूर्व सरपंच जगत राम, संजीव नैन व करनाल जिला प्रधान सीमा पांचाल मौजूद रहे।

# पति पर लगाया मारपीट व फांसी देकर मारने के प्रयास का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के कस्बा जुंडला में पत्नी ने अपने पति पर मारपीट कर फांसी देकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया है। पति अपना कर्ज उतारने के लिए अपनी पत्नी पर मायके से पैसे लाने का दबाव बना रहा है। इतना ही नहीं पति उसकी बेटी को उठाकर अपने घर पर ले गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत सदर थाना पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुंडला निवासी सोनिया की शादी रसूलपुर गांव के रोहतास के साथ हुई थी। उसका उसके पति के साथ बीते कुछ दिनों से झगड़ा चल रहा था। 13 मई को उसका पति जुंडला आया और उसके साथ मारपीट की और बेटी को उठाकर रसूलपुर ले गया। इसके बाद 15 मई को उसका पति कुछ लोगों के साथ आया और दोबारा से मारपीट शुरू कर दी। उसके दोनों साथी उसे मारपीट के लिए उकसा रहे थे और उसी के चलते उसके पति ने उसे फांसी भी दी, लेकिन वह किसी तरह से बच गई। पीड़िता ने बताया कि उसके पति पर 30 लाख रुपए का कर्ज है और वह कर्ज चुकाने के लिए उसके ऊपर दबाव बना रहा है कि अपने मायके से पैसे लेकर आए। इससे पहले भी पति को मायके से पैसे लाकर दिए है और इन पैसों से जुंडला में इन्होंने घर भी बनाया है। यह घर मेरे नाम पर है, लेकिन मुझे इस घर से निकाल दिया गया है। पीड़िता ने अस्पताल में जाकर अपना मेडिकल करवाया और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि सोनिया की शिकायत के आधार पर रोहतास कुमार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विकसित भारत बनाने के लिए वोट के रूप में डालें आहूतिः सुमन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं पूरे विश्व में चहेते नेता बन चुके हैं। यही वजह है कि देश की जनता विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनेगी। सुमन सैनी बृहस्पतिवार को फूसगढ़ विकास नगर में शिव चरण शर्मा व गौशाला रोड पर संदीप सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची। इस दौरान सुमन सैनी का जोरदार स्वागत



किया गया। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। उस संकल्प को पूरा करने के लिए जनता एक-एक वोट की आहूति डालें और मतदात जरूर करें। एक वोट की ताकत बहुत बड़ी होती है। आपकी एक-एक वोट देश को आगे बढ़ाने और देश को

**वोट की अपील**

**⏩ सरकार ने ऐसे अनेकों कितने काम किए हैं जिससे देश की जनता का भला हुआ है : सुमन सैनी**

और अधिक मजबूत करने में अहम होगी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनेकों ऐसे काम किए और योजनाएं चलाई, जिनका लाभ आने वाले समय तक लोगों को मिलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले गैस सिलेंडर की बहुत बड़ी समस्या थी। लंबी लाइनों में लगना पड़ता था। सरकार ने इसे समाप्त किया। आज घर बैठे सिलेंडर मिल रहा है। नौकरी के लिए अब कोई खर्ची और पर्ची नहीं चलती। आज गरीबों के बच्चे पढ़ लिखकर सरकारी नौकरी लग रहे हैं। सरकार ने ऐसे अनेकों कितने काम किए हैं जिससे देश की जनता का भला हुआ है।

सुमन सैनी ने कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा से नायब सिंह सैनी को भारी बहुमत से जिताने का काम करें ताकि एक कमल आपकी लोकसभा में आवाज उठा सके और दूसरा विधानसभा में। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, मेघा भंडारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, कृष्णा कुमार, गीता प्रोचा व रीमा वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना न चलाएं विज्ञापनः उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव की प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया, केबल संचालक और सिनेमा हॉल संचालक एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर केबल संचालक के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निदेशों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है और जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी करनाल को इस कमेटी के सदस्य सचिव बनाया गया है। जिला के सभी केबल संचालकों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निदेशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि एमसीएमसी केबल चैनलों की गहनता से मॉनिटरिंग कर रही है और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रख रही है। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रैस संचालकों को भी अपने द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफलैट, पोस्टर, बैनर आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म, केबल संचालक व सिनेमा घर संचालक बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकते है, अगर नियमों का उल्लंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल संचालक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# महाराणा प्रताप उद्यान विवि में यूजी-पीजी के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर ओर एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में एडमिशन लेने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर ओर एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में एडमिशन लिखित परीक्षा में मैरिट के आधार पर होंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून हैं। महाराणा प्रताप उद्यान विश्विविद्यालय करनाल के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर की 120 सीटए एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर की 10 सीटों के लिए इच्छुक विद्यार्थी 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। 4 वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में एडमिशन लेने के लिए विद्यार्थियों की योग्यता 12 वीं कक्षा में सामान्य श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिए 50 प्रतिशत और एससी और पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिए 47.5 प्रतिशत अंक होने अनिवार्य हैं।

कुलपति ने बताया कि इसी तरह एमएससी (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर में दाखिले के इच्छुक अभ्यार्थियों को बीएससी (ऑनर्स)



हॉर्टिकल्चर पास होना चाहिए। विद्यार्थी (3) विषयों एमएससी फ्रूट साइंस (4) एमएससी फ्लोरिकल्चर एंड लैंड स्केपिंग 2, एमएससी वैजिटेबल साइंस (4) सीटों पर एडमिशन के लिए भी 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जो विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि वे महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में एडमिशन लेना चाहते हैं तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन के साथ ही एक ओर एप्लीकेशन ऑनलाइन करना होगा।, जिसके लिए सामान्य श्रेणी के अभ्यार्थियों को 500 रुपए व एससीएबीसीए ईडब्ल्यूएसए पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यार्थियों को 125 रुपए की फीस देनी होगी।

कुलपति ने बताया कि लिखित परीक्षा चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित की जाएगी। दाखिला प्रक्रिया, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, उपलब्ध सीटों की जानकारी आदि सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि बागवानी क्षेत्र में रोजगार के असीमित अवसर है। किसान भी परपंरागत खेती को छोडकर बागवानी की खेती की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन किसानों के पास उन्नत जानकारियां उपलब्ध नहीं होती, जिनके चलते किसान बागवानी की खेती करके भी मनमुताबिक आर्थिक लाभ नहीं ले पाते। इन सब कमियों को बागवानों द्वारा पूरा किया जाए।

## ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सनातन धर्म मंदिर रामनगर में ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। मुख्य सेवक संजय टिक्का ने ओम शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरूआत की। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता एवं समाज बृज गुप्ता ने पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने जगत कल्याण के लिए मंगल कामना की। उन्होंने ओम नमः शिवाय जाप परिवार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी सौहार्द बढ़ता है और लोगों का धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बढ़ता है। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया, फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया।

# कांग्रेस से ज्यादा अंदरूनी फूट भाजपा में: उदयभान

**इंद्रजीत क्या कहते थे, चौधरी बीरेंद्र सिंह क्या कहते हैं, कांग्रेस से ज्यादा भाजपा में अंदरूनी फूट है**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने सीएम नायब सैनी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी कांग्रेस में गुटबाजी की बात कहते हैं, लेकिन भाजपा की गुटबाजी उन्हें नजर नहीं आती। भाजपा के सांसद अरविंद शर्मा पूर्व सीएम मनोहर लाल के बारे में क्या-क्या कहते थे, इंद्रजीत क्या कहते थे, चौधरी बीरेंद्र सिंह क्या कहते हैं, कांग्रेस से ज्यादा भाजपा में अंदरूनी फूट है। करनाल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे उदयभान ने कहा कि आप अनिल विज से ही पूछकर देख लो कि वे




भाजपा से कितना संतुष्ट हैं? किस तरह से अनिल विज को अपमानित होना पड़ा। सीनियर नेता रामविलास शर्मा थे, अब उनसे भी पूछ कर देख लो कि उनकी पार्टी में कितनी यूनिटी है। सीएम मनोहर लाल अनिल विज की फाइलों को ही दो-दो महीने तक नहीं देखते थे। पूरा का पूरा महकमा ही पैरालाइस कर दिया जाता है। ये बीजेपी वाले हमें क्या सीख देंगे, पहले ये अपने आप को सुधारें।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि हम पहले से ही कह रहे हैं कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और पब्लिक का फ्रेश मेंडेट लिया जाए। राज्यपाल द्वारा कांग्रेस का लेटर रिजेक्ट करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह रिजेक्ट हुआ है या नहीं, इसको लेकर अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। राज्यपाल से तो हम दबाव बनाकर रखेंगे, क्योंकि अभी हमारा फोकस लोकसभा चुनाव पर है। जब चुनाव से फ्री हो जाएंगे तो उसके बाद आगे की चर्चा करेंगे। दीपक बावरिया के लेटर बम पर उदयभान ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। वह लेटर किसी को चेताने के लिए और कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए जारी किया जाता है।

**निशाना साधा**

**⏩ सीएम नायब सैनी कांग्रेस में गुटबाजी की बात कहते हैं, लेकिन भाजपा की गुटबाजी उन्हें नजर नहीं आती**

# विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज प्रताड़ना का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में विवाहित महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड ?ा, गर्भपात का प्रयास और आर्थिक फायदे के लिए वार्ड पार्षद से अवैध संबंध बनाने का दबाव डालने के संगीन आरोप लगाए हैं। महिला ने अपने मायके वालों को बुलाकर पूरी बात बताई। जब मायके वाले बेटी के ससुराल पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इंद्री थाना पुलिस ने शिकायत पर ससुराल पक्ष पर केस दर्ज कर लिया गया है।

ब्याना गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी 11 अक्टूबर 2016 को पानीपत के पसीना कलां गांव के युवक के साथ हुई थी। अब पूरा परिवार करनाल की एक कॉलोनी में रहता है। शादी के कुछ दिन तक तो ससुरालवाले ठीक रहे, लेकिन कुछ महीनों बाद ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे बार-बार ताने दिए गए कि वह दहेज में कुछ भी नहीं लेकर आई। जबकि वह शादी में दहेज के रूप में मोटरसाइकिल, 8-9 तोले सोने के गहने दिए थे। पति भी अप्राकृतिक संभोग के लिए मजबूर करता था।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुरालवालों ने उस पर पार्षद को खुश करने का दबाव बनाया। ससुराल वाले बोलते थे कि तू पार्षद को खुश कर दिया कर, क्योंकि ये हमारे सुख-दुख में काम आता है और हमारे बेटे को अपने साथ रखा रहेगा, ताकि घर में पैसा आता रहे। ससुराल वाले पार्षद को घर पर बुलाते और अवैध संबंध बनाने के लिए बोलते थे। वह इनकार करती तो उसके साथ मारपीट करते थे।

उसने शिकायत में बताया है कि उसके पास 2 बच्चे हैं। एक 6 साल का है तो दूसरा करीब एक साल का है। जब छोटा बच्चा पेट में था तो तब मेरी सास ने गर्भपात करने के लिए कुछ दवाई खिला दी थी। तबीयत खराब होने पर प्राइवेट अस्पताल में ले गए थे। वह परिवार की शर्म में कुछ नहीं बोल पाई।

# सत्तू ठंडा-ठंडा, कूल-कूल



''रेडी टू ईट' के इस दौर में भारत में कई ऐसे व्यंजन हैं जो इस श्रेणी में रखे जा सकते हैं। इनमें से एक है सत्तू। यह एक ऐसा आहार है, जो न सिर्फ खाना बनाने से आजादी देता है, बल्कि ठंडा, स्वास्थ्यवर्धक और चमत्कारिक रूप से पौष्टिक होता है। चने और जौ से बना सत्तू पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है। मौजूदा दौर की लाइफस्टाइल में प्रतिस्पर्धा से उत्पन्न तनाव, बाहर का मिर्च-मसाले वाले खाने से हाइपर एसिडिटी का खतरा रहता है। ''हरी, वरी और करी' से लिवर और किडनी पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इससे पेट में पेपटिक ग्रंथि से जो गैस्ट्रिक जूस का रिसाव होता है उससे पाचलतंत्र का कबाड़ा हो जाता है। सत्तू गैस्ट्रिक जूस को कम करने में कारगर होता है।

### सेवन में आसान

इसका सेवन इतना आसान है कि कहीं भी किसी भी परिस्थिति में इसे कुछ ही देर में बनाकर खाया जा सकता है। इसे घोलकर पी लो। गूंधकर पीस बनाकर खा लो। सत्तू में मौदूज रेशों में कार्बोहाईड्रेट्स, प्रोटीन, स्टार्च तथा खनिज पदार्थ होते हैं। जौ एवं चने से निर्मित सत्तू का सेवन करने पर भूख तो शांत होती ही है साथ ही लंबे समय तक क्षुधा शांत रहती है। साधारणतया सत्तू में गुड़ या शक्कर पानी में घोलकर सेवन किया जाता है। डायबिटीज के रोगी चाहें तो गुड़ या शक्कर के स्थान पर नमक भी डालकर स्वादिष्ट बना सकते हैं।



### कई रोगों को दूर भगाए

आयुर्वेद से जुड़े विशेषज्ञ बताते हैं कि चने में प्रोटीन की मात्रा अधिक होने के कारण यह लीवर के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। चने से सत्तू बनने के बाद उसका गुण भी बदल जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सत्तू गैस्ट्रोइंट्रोटाइटिस से पीड़ति व्यक्ति के लिए काफी कारगर होता है। आधुनिक दिनर्चया में तो इस बीमारी से लगभग 90 प्रतिशत लोग पीड़ीत हैं। सत्तू आहार है, औषधि नहीं, इसीलिए इसका साइड इफेक्ट भी नहीं होता। जौ और चने के मिशण्रसे बने सत्तू को पीने से मधुमेह रोग दूर करने में मदद मिलती है। इसे पानी में घोल कर पीने से यह तुरंत पचने के बाद ऊर्जा व शक्ति देता है। यह कफ, पित्त, थकावट, भूख, प्यास और आंखों की बीमारी में लाभकारी है। डॉक्टरों की मानें तो यह पेट के रोगों के लिए भी रामबाण है। चने का सत्तू गरमी में पेट की बीमारी और तापमान को नियंत्रित रखने में मदद करता है। अल्पाहार में सत्तू का प्राचीन काल से मुख्य स्थान रहा है। यह शरीर के पोषण के साथ-साथ मोटापा भी नियंत्रित रखता है। मौजूदा समय में सत्तू की उपयोगिता भले ही महत्वपूर्ण हो, लेकिन इसके चाहने वाले कम होते जा रहे हैं। फास्ट फूड के दौर में सत्तू का महत्व कम हो रहा है, लेकिन मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण इलाकों में गर्मियों में लोग सत्तू का इस्तेमाल खूब करते हैं।

### फायदे ही फायदे

-सत्तू का सेवन चीनी और घी के साथ करना ज्यादा लाभदायक होता है। इसे गर्मी में खाने से लू नहीं लगती।

-यह प्रोटीन का बेहतर स्रेत है और प्रोटीन लीवर को मजबूत रखता है।

-इसमें प्राकृतिक रूप से रक्तशोधन का गुण होता है, जिसकी वजह से खून की गड़बड़ियों से बचाव होता है।

-पेट में एसिड बनने से भी रोकता है सत्तू।

-जौ और चने का सत्तू मधुमेह में भी लाभकारी है।

-सत्तू आहार है, इसलिए इसका साइड इफेक्ट भी नहीं है।

-सत्तू को पानी के साथ लेने से मॉइस्चर लेवल बढ़ता है, जिससे पेट ठंडा रहता है। चने के सत्तू में मूंग और सोया मिला लेने से सत्तू सेहत के लिए और ज्यादा फायदेमंद हो जाता है।



## मस्तिष्क जुड़ाव में बदलाव लाती है कॉफी

**लंदन।** हमारी मस्तिष्क को जोड़ने वाली कोशिकाओं में कॉफी बारीक बदलाव लाती है? एक शोधकर्ता ने 18 महीने तक अपने दिमाग का एमआरआई स्कैन किया, जिसमें ऐसे बदलाव दिखे जो इससे पहले नहीं देखे गए थे। ''स्टैनफोर्ड विविद्यालय के प्रोफेसर शोधकर्ता पोल्ड्रेक ने लगभग डेढ़ साल तक मस्तिष्क पर अध्ययन किया। वहीं दो हफ्तों के बीच उन्होंने मस्तिष्क संचार के अलग-अलग हिस्सों में ''कन्नेक्टोम' में परिवर्तन की सूचना मिली। जिस दिन पोल्ड्रेक ने कुछ नहीं खाया, उस दिन उनके मस्तिष्क में कैफीन की कमी से कनेक्टिविटी के विभिन्न स्तरों का पता चला। पोल्ड्रेक ने कहा, ''हमें मस्तिष्क कनेक्टिविटी प्रभावित करने वाले सबसे बड़े कारक का आसानी से पता चल गया है।' उन्होंने कहा, ''यह पूरी तरह अनपेक्षित था, लेकिन यह आपके मस्तिष्क की कनेक्टिविटी में बदलाव लाता है।

# भोजन में बेहतर क्या है, प्रस्तुति या स्वाद?



**मुंबई।** क्या आपने कभी सोचा है कि हम ताजा बने हरे पालक पनीर, गर्मागर्म चॉकलेट ब्राउनी, रंग-बिरंगे सब्जी के सलाद या चोको चिप्स और काजू-बादाम से सज कर इठलाती वनीला आइसक्रीम को देख कर एक नजर में ही उनकी तरफ कैसे आकर्षित हो जाते हैं? क्या खाने की मुखर एवं रंगीन प्रस्तुति ही हमें उसकी ओर आकर्षित करती है या उसका स्वाद और उससे स्वास्य को मिलने वाला लाभ भी हमें खींचता है ? सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार ने कहा, ''हम पहले आंखों से ही भोजन की ओर आकर्षित होते हैं या यूं कहें कि पहले हम आंखों से ही खाते हैं खाने का पहला प्रभाव ही आखिरी प्रभाव होता है।'''किसी भी खाने की सफलता इस बात पर प्रमुख रूप से निर्भर करती है कि वह कैसा दिख रहा है और कैसे परोसा गया है।'''मास्टर शेफ' के चौथे संस्करण के जज रह चुके शेफ बरार ने कहा कि जब भोजन की प्रस्तुति और उसके स्वाद में से किसी एक को चुनने की बात आती है तो जीत हमेशा स्वाद की ही होती है। ''भोजन की प्रस्तुति निश्चित ही प्रभाव छोड़ती है पर उसका स्वाद ही है जो किसी को भी प्रभावित करता है। कोई खाद्य सामग्री हमें उसके स्वाद से ही याद रहती है। खानपान की दुनिया में बादशाहत स्वाद की है।'भोजन बनाने में महारत हासिल कर चुके शेफ रणवीर के दुनियाभर में 10 से अधिक रेस्टोरेंट ब्रैंड हैं। बहरहाल, उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि जल्द ही हम यह महसूस करेंगे कि किसी भी खाद्य सामग्री का मूल तत्व उसका विशिष्ट स्वाद और महक है।'''रणवीर्स कैफे' और ''हेल्थ भी टेस्ट भी' जैसे टीवी शो में अपनी पाक कला और उसे सजाने का कौशल दिखा चुके रणवीर बरार ने कहा कि आकर्षक प्रस्तुति किसी भी डिश को ऐसा बना देती है कि उसे खाने से आप खुद को रोक ही नहीं पाते। भोजन को आकर्षक रूप में प्रस्तुत करने के नुस्खे बताते हुए शेफ बरार ने बताया कि खाना हमेशा हल्के रंग की थाली (सफेद और विशेषकर हाथीदांत के बर्तन) में ही परोसना चाहिए। काले रंग के बर्तनों का प्रयोग सफेद या लाल रंग के भोजन को परोसने के लिए किया जा सकता है। थाली में रंगों का तालमेल उपयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। चार रंगों से अधिक रंगों का प्रयोग एक थाली में नहीं करना चाहिए। अधिक रंगों के प्रयोग से खाना अटपटा दिख सकता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

## हंसी के फूव्वारें

एक प्रत्याशी ने अपने परिचित वोटर के घर जाकर कहा, 'भैया, ख्याल रखना, मैं खड़ा हूं.'

वोटर ने कोने में रखी कुर्सी की ओर संकेत करते हुए कहा, 'आप खड़े क्यों हैं, बैंठ जाइए.'

▯ ▯ ▯

आदमी ने अपनी विवाहिता नवयुवती से बड़े प्यार से कहा, 'अब यह घर तुम्हारा है. हर पल इसे सजाने-संवारने की जिम्मेदारी अब तुम्हारी है.'

नवयुवती पत्नी तुनक उठी, 'तो फिर मैं अपना मेक-अप कब करूँगी?'

▯ ▯ ▯

आजीवन कुँवारा रहने का फैसला करने और फिर उस पर डटे रहने वाले व्यक्ति ने साक्षात्कार के समय अपने उस फैसले का कारण कुछ इन शब्दों में बयान किया-

'मैं विवाह के लिए तैयार था,बल्कि विवाह का सारा इन्तजाम हो चुका था कि एक दिन मैंने अपने ससुर को अपनी होने वाली सास के हाथ से पिटते हुए देखा और नसीहत ग्रहण कर ली.'


▯ ▯ ▯

प्रेमिका ने बेरोजगार प्रेमी से बड़े प्रेम से पूछा - तुम निकट भविष्य में क्या बनना पसंद करोगे?

बेरोजगार प्रेमी ने तड़ से जवाब दिया - तुम्हारा पति.


▯ ▯ ▯

## काकुरो पहेली - 4056




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 4055 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4056



**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३,२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली-4055



## सूडोकु -4056


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु 4055का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 4056



**बाएँ से दाएँ**

1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली -4055 का हल



## रिकी पोंटिंग को बड़ा भाई मानते हैं इशांत शर्मा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के अंतिम लीग मैच के बाद, जिसमें उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 19 रनों से जीत हासिल की, भारत के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने डीसी के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग के साथ विशेष बंधन का खुलासा किया। इशांत मंगलवार की रात दिल्ली के लिए स्टार थे, जहां एक हार उनकी टीम के लिए प्लेऑफ की सभी उम्मीदें खत्म कर देती। इशांत को चार ओवरों में (3/34) की गेंदबाजी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जिसमें क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल और दीपक हुडा के तीन महत्वपूर्ण विकेट शामिल थे। इशांत ने आईपीएल द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, पोंटिंग अब कोच और खिलाड़ी नहीं हैं, वह मेरे लिए एक तरह से बड़े भाई की तरह हैं। जब भी मुझे उनकी जरूरत होती है तो वह हमेशा मौजूद रहते हैं, मैं उन्हें कभी भी फोन कर सकता हूं। मुझे लगता है कि कोच के रूप में उनका होना बहुत अच्छी बात है।अगर आपके पास कोई ऐसा है वह वास्तव में आपको नई चीजों को आजमाते रहने के लिए प्रेरित करता है और अगर आप अच्छा नहीं करते हैं तो डरो मत।14 अंकों के साथ, दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में अपने भाग्य का फैसला करने के लिए शेष मैचों के परिणाम का इंतजार कर रही है।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में वाराणसी के शिवेश शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

**वाराणसी।** वाराणसी के कानीनजुकु आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के शिवेश शर्मा ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। देहरादून स्थित परेड ग्राउंड के मल्टीपर्पज हॉल में 9 से 12 मई 2024 तक इस प्रतियोगिता का आयोजन कैडेट, जूनियर, अंडर 21 और सीनियर वर्गों में किया गया था, जिसमें देश के सभी राज्यों ने हिस्सा लिया था। शिवेश के कोच अरविंद कुमार यादव ने बताया कि शिवेश शर्मा ने कैडेट ग्रुप के पुरुष वर्ग के -52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता । शिवेश ने क्रमशः पंजाब, आसाम, मणिपुर, जम्मूकश्मीर और हरियाणा के खिलाड़ियों को हराते हुए स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। कोच ने आगे बताया कि 14 मई 2024 को वाराणसी आने पर शिवेश शर्मा का ज़ोरदार स्वागत किया गया। कराते एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अखिलेश रावत,अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ध्रुव कुमार पांडेय, आदर्श सोनकर, खेलो इंडिया स्वर्ण पदक विजेता गौरांग तिवारी, विमलेश यादव, सागर कुमार, अदिति सोनकर, सचिन सिंह, ऋषिका आदि ने शिवेश का स्वागत किया।

## जेक, स्टब्स और पोरेल एक अच्छी खोज: डीसी सहायक कोच प्रवीण आमरे

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के अपने अंतिम लीग चरण मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रन से हरा दिया। अभिषेक पोरेल (33 गेंदों में 58 रन) ट्रिस्टन स्टब्स (25 गेंदों में 57 रन) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत मेजबान टीम ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 208 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद ईशांत शर्मा ने 34 रन देकर 3 विकेट लिए, जिससे घरेलू टीम ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 189/9 पर रोक दिया और 19 रन से मैच जीत लिया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स ने 14 मैचों में (सात जीत और सात हार) 14 अंकों के साथ अपना लीग चरण समाप्त किया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने टीम के अभियान पर कहा, कई सकारात्मक बातें हैं। जेक, स्टब्स और पोरेल एक अच्छी खोज हैं। रसिख ने पिछले चार मैचों में अच्छा योगदान दिया। एक भारतीय गेंदबाज का योगदान कुछ खास है। हमारे सभी भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। जिस तरह से खलील, ईशांत और मुकेश ने गेंदबाजी की, वह एक फ्रेंचाइजी के रूप में हमारे लिए बहुत सकारात्मक था। यह साल सिर्फ इसलिए खास है क्योंकि हमने घरेलू मैदान पर कई मैच जीते और हमें जो समर्थन मिला, उसके लिए प्रशंसकों को विशेष धन्यवाद।

## साक्षी मलिक ने साथी पहलवान निशा दहिया का दिल्ली हवाई अड्डे पर किया स्वागत




**नई दिल्ली।** पूर्व ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने साथी पहलवान निशा दहिया का इस्तांबुल, तुर्किये से लौटने पर दिल्ली हवाई अड्डे पर स्वागत किया, जहां उन्होंने महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। फेसबुक पर साक्षी ने आईजीआई हवाईअड्डे पर निशा के स्वागत की तस्वीरें पोस्ट कीं, जहां निशा का परिवार और उनके दोस्त भी मौजूद थे। शुक्रवार को, निशा ने कुश्ती विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के फाइनल में पहुंचने के बाद ओलंपिक कोटा हासिल किया और पेरिस के लिए उड़ान भरने वाली पांचवीं महिला पहलवान बन गईं।

# पंजाब ने राजस्थान को 5 विकेट से हराया

एजेंसी

**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में बुधवार (15 मई) को शानदार मैच खेला गया, जिसमें पंजाब किंग्स ने 5 विकेट से जीत दर्ज की. गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में पंजाब ने राजस्थान रॉयल्स (ऋक्र) को करारी शिकस्त दी. संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान टीम की लगातार चौथी हार है. हालांकि इस टीम ने प्लेऑफ में पहले ही क्वालिफाई कर लिया है. राजस्थान टीम के 13 मुकाबलों में 16 अंक हैं. उसका आखिरी मैच कोलकाता नाइट राइडर्स (चय्क्र) के खिलाफ 19 मई को होगा.दूसरी ओर पंजाब किंग्स पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है. उसके 13 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक ही हैं. इस सीजन में राजस्थान और पंजाब के बीच यह दूसरी टक्कर रही. इससे पहले दोनों का मुकाबला 13 अप्रैल को मुल्लांपुर में हुआ था, जिसमें राजस्थान ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी.



इस तरह पंजाब ने यह मैच जीतकर बदला पूरा किया है. मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए राजस्थान टीम ने 42 रनों पर ही 3 विकेट गंवा दिए थे. फिर 92 से 102 रनों के बीच 3 और विकेट गंवा दिए. मगर रियान पराग ने मोर्चा संभाले रखा और धांसू पारी खेलकर टीम की लाज बचाई. राजस्थान ने 9 विकेट गंवाकर 144 रन बनाए.रियान पराग फिफ्टी से चूक गए. उन्होंने 34 गेंदों पर 48 रनों की पारी खेली. जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 28 रन बनाए. उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा नहीं छू सका. पंजाब के लिए सैम करन, हर्षल पटेल और राहुल चाहर ने 2-2 विकेट लिए. जबकि अर्शदीप सिंह और नाथन एलिस ने 1-1 विकेट लिया.

## नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छवि यादव ने जीता स्वर्ण पदक

**प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल की महिला खिलाड़ी छवि यादव ने भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 3000 मीटर के स्टीपलचेंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि छवि यादव प्रयागराज मण्डल के कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर उप मुख्य टिकट निरीक्षक पद पर कार्यरत हैं। छवि यादव ने 3000 मीटर के इस स्टीपलचेज प्रतियोगिता में 10 मिनट 7 सेकेंड का समय लेते हुये प्रथम स्थान पाकर स्वर्ण पदक जीता।छवि यादव ने इससे पूर्व जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री 2022 में स्वर्ण पदक नेशनल क्रॉस कंट्री 2023 में स्वर्ण पदक, नेपाल में आयोजित एशियन क्रॉस कंट्री 2023 की 10 किलोमीटर में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। इस अवसर पर



मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी सहित अन्य अधिकारियों ने छवि यादव को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रमिज़ राजा ने पाकिस्तान बनाम आयरलैंड टी20 श्रृंखला के कवरेज पर नाराजगी व्यक्त

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार रमिज़ राजा पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच चल रही टी20आई सीरीज़ की कवरेज से बेहद नाराज़ थे। आयरलैंड ने पहला टी20आई जीता लेकिन पाकिस्तान ने श्रृंखला में दूसरा मैच जीतकर वापसी की, जो कि टी20 विश्व कप 2024 के लिए उनकी शुरुआत है। पाकिस्तान अब चार टी20आईश्रृंखला में इंग्लैंड से भिड़ेगा। राजा ने कहा कि डीआरएस और रिप्ले की कमी पाकिस्तान वाले मैच के लिए उपयुक्त नहीं है और उन्होंने कहा कि वह कार्रवाई का ठीक से पालन नहीं कर पा रहे थे। एक चीज़ जो मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है वह है इस मैच की कवरेज। ऐसा लगता है मानो किसी क्लब गेम का प्रसारण हो रहा हो. सिर्फ दो कैमरे हैं. यहां कोई डीआरएस नहीं है, कोई रिप्ले नहीं है, आपको सीमा रेखा का अंदाजा नहीं है, आप खेले जा रहे अच्छे शॉट या फेंकी गई अच्छी गेंदों का आनंद नहीं ले सकते। यह पाकिस्तान क्रिकेट उत्पाद के लिए बेहद अनुचित है। बहुत से लोग पाकिस्तान क्रिकेट को पसंद करते हैं। दुनिया भर में इसकी आभा है. और इसे इस तरह पेश करना पाकिस्तान क्रिकेट के साथ अन्याय है, उन्होंने क्योंकि यह विश्व कप के लिए हमारी राह की शुरुआत है। मैं आपको यह निश्चित रूप से बता सकता हूं कि




यूट्यूब पर कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस मामले पर गौर करना चाहिए था। किसी को इसका पहले ही पता लगा लेना चाहिए था। अगर कवरेज ऐसा ही होना था तो चाहे वह कोई भी प्रसारण कंपनी हो, उसे क्रिकेट आयरलैंड से अधिकार ले लेने चाहिए थे। मैं जानता हूं कि उनके पास अधिकार हैं, लेकिन इसे छीन लिया जाना चाहिए था और इस श्रृंखला के लिए कवरेज को और बेहतर बनाया जाना चाहिए था अगर भारत को यह स्थिति पता होती, तो वे कभी भी इस तरह के कवरेज की अनुमति नहीं देते। क्योंकि आपकी इज्जत आपके हाथ में है. इसलिए पाकिस्तान का सम्मान भी उनके हाथ में होना चाहिए। इस तरह की कवरेज से हमारा क्रिकेट सपाट दिखता है. और यह अनुचित है, उन्होंने कहा। राजा ने आगे कहा कि कवरेज पाकिस्तान के लिए अनुचित था और इसकी तुलना अफ्रीकी टीमों के मैचों की प्रसारण गुणवत्ता से की गई।

## जोनल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता रोमांचक फाइनल के साथ संपन्न हुई

**गांदरबल।** अंडर-14 वर्ष के लड़कों के लिए अंतर-स्कूल जोनल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता जीसीओपीई गडूरा गांदरबल में अपने रोमांचक समापन पर पहुंची, जिसमें वाईएसएस गांदरबल ने न्यू ड्रीमलैंड और कमरिया एचएसएस गांदरबल के बीच फाइनल मैच की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में जीसीओपीई गडूरा गांदरबल के प्रिंसिपल डॉ. हरतेज सिंह और डॉ. मुश्ताक आज़ाद क्रमशः मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। फाइनल मैच तीव्र नाटक और उत्साह का एक दिलचस्प प्रदर्शन था, जिसका समापन न्यू ड्रीमलैंड के खिलाफ 2-0 की स्कोर लाइन के साथ कमरिया एचएसएस गांदरबल की जीत में हुआ।

डॉ. हरतेज सिंह ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान दोनों फाइनलिस्ट टीमों के समर्पण और खेल कौशल को मान्यता देते हुए उन्हें बधाई दी। विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए योग्य ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया। समानांतर में, जोन कंगन ने किजपारा कंगन में जोनल कार्यालय मैदान में अंडर-14 वर्ष के लड़कों के लिए एक रोमांचक अंतर-स्कूल हैंडबॉल



प्रतियोगिता की मेजबानी की।

जोन कंगन के 14 स्कूलों के कुल 152 छात्रों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। मेधावी टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मान्यता दी गई और ट्रॉफियां प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, जोन तुल्लामुल्ला ने जोन के भीतर एमएस सेहपोरा और एमएस बुनपोरा में एक इंट्राम्यूरल हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। वाईएसएस विभाग युवाओं को खेलों में शामिल करने के लिए ऐसे आंतरिक आयोजनों के महत्व पर जोर देता है, जिसका उद्देश्य उन्हें समाज के नकारात्मक प्रभावों से दूर रखना है। इसी तरह, जोन हरिगनिवां ने बीएचएसएस हरिगनिवां मैदान में अंडर-14 वर्ष की लड़कियों के लिए एक अंतर-विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 116 छात्राओं ने भाग लिया।

# नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में की वापसी

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार रात चल रहे फेडरेशन कप में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।चोपड़ा ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता डीपी मनु ने 82.06 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। उत्तम पाटिल ने 78.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।हालांकि एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता किशोर जेना पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके। नीरज ने फाइनल में 82 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की। हालाँकि, डीपी ने अपने पहले प्रयास में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ बढ़त बना ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता का दूसरा प्रयास फाउल नहीं कर सके और चौथे प्रयास में उन्होंने 81.47 मीटर थ्रो किया और अगले दो प्रयासों में फाउल कर गए।



साबित हुआ, हालांकि तीसरे प्रयास में उन्होंने 81.29 मीटर थ्रो के साथ अच्छी वापसी की। हालांकि डीपी मनु अभी भी बढ़त बनाए हुए थे। नीरज ने अपने चौथे प्रयास में 82.27 मीटर की दूरी तक थ्रो कर बढ़त ले ली। मनु अपनी बढ़त वापस हासिल नीरज ने अपने आखिरी दो थ्रो का प्रयास नहीं करने का फैसला किया और शीर्ष पुरस्कार हासिल किया। हालाँकि, जेना इस दौरान पोडियम स्थान के लिए दावेदारी में भी नहीं थीं, उन्होंने एक फाउल और 75.49 मीटर का थ्रो दर्ज किया, फिर दो और फाउल और फिर क्रमशः 73.79 मीटर और 75.25 मीटर का थ्रो दर्ज किया। उत्तम ने 75.55 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआत की और पांचवें राउंड के बाद तीसरे नंबर पर पोडियम स्थान हासिल किया। नीरज 2024 आउटडोर एथलेटिक्स सीज़न की अपनी दूसरी प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने पिछले सप्ताह दोहा डायमंड लीग में अपने सीज़न की शुरुआत की और 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यह 2021 में टोक्यो ओलंपिक के बाद राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में उनकी पहली उपस्थिति का भी प्रतीक है। इससे पहले राष्ट्रीय आयोजन में उनकी पिछली उपस्थिति मार्च में 2021 फेडरेशन कप थी। उन्होंने तब 87.80 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

## थाईलैंड ओपन:सात्विक-चिराग दूसरे दौर में, प्रणय हारे

**बैंकॉक।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड ओपन के पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है, हालांकि पांचवीं वरीयता प्राप्त एच.एस. प्रणय पुरुष एकल के शुरुआती दौर में हमवतन मीराबा लुवांग मैसनाम से हार गए। शीर्ष वरीय सात्विक और चिराग ने शुरुआती दौर में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरीन अयूब अजरीन और टैन वी कियोंग की जोड़ी को 21-13, 21-13 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 34 मिनट तक चला। सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी अगले दौर में ज़ी हाओ नान और ज़ेंग वेई हान की चीनी जोड़ी से भिड़ेगी। वहीं, प्रणय पहली बाधा पार करने में असफल रहे और 55 मिनट तक चले मैच में मीराबा से 21-19, 21-18 से हार गये। मीराबा का अगला मुकाबला डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा, जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को 21-15, 13-21, 21-17 से हराया। महिला एकल में, अश्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरुमी ट्राई वार्डोयो को कड़े संघर्ष के बाद 19-21, 21-15, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। लेकिन दूसरे दौर में अश्मिता का कड़ा मुकाबला इंतजार कर रहा है क्योंकि उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से होगा। यू ने मालविका बंसोड के रूप में एक अन्य भारतीय पर 21-11, 21-10 से आसान जीत दर्ज की। उन्नति हुडा भी शुरूआती राउंड को पार करने में असफल रहीं और बेल्जियम की लियान टैन के खिलाफ 21-14, 14-21, 9-21 से हार गईं।

# वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने भूटान में खोला दुनिया का सबसे ऊंचा प्रतियोगी स्विमिंग पूल

एजेंसी

**थिम्फू।** वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने भूटान में 2,400 मीटर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहली बार प्रतियोगी स्विमिंग पूल खोला है, जो क्षेत्र में जलीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूल फॉर ऑल प्रोग्राम का एक हिस्सा है। तैराकी के वैश्विक शासी निकाय ने 2019 में कार्यक्रम शुरू किया, जिसका लक्ष्य अधिक देशों और क्षेत्रों के लिए सुलभ जलीय सुविधाएं सुनिश्चित करना है।



उद्घाटन समारोह में विश्व एक्वेटिक्स, भूटान ओलंपिक समिति, स्थानीय और क्षेत्रीय अधिकारियों, चार ओलंपिक खेलों के भूटानी राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्षों और भूटान पर्यटन विभाग के गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों ने भाग लिया। भूटान ओलंपिक समिति के अध्यक्ष एचआरएच प्रिंस जिग्येल उग्येन वांगचुक ने देश के पहले स्विमिंग पूल के उद्घाटन की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल भूटान में जलीय विज्ञान के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।

वर्ल्ड एक्वेटिक्स के अध्यक्ष हुसैन अल-मुसल्लम ने एक बयान में कहा, भूटान में सभी के लिए इस पूल का उद्घाटन वैश्विक स्तर पर जलीय खेलों को बढ़ावा देने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाता है। हमें इस परियोजना को साकार करने के लिए भूटान एक्वेटिक्स फेडरेशन के साथ सहयोग करने पर बेहद गर्व है। साथ मिलकर, हम पूरे भूटान में एथलीटों और जलीय विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों के लिए अवसर पैदा कर सकते हैं और उन्हें प्रेरित कर सकते हैं।

## बलात्कार मामले में बरी होने पर लामिछाने ने कहा-पहले दिन से ही खुद को समझा रहा था कि कुछ गलत नहीं किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बलात्कार के मामले में पाटन उच्च न्यायालय द्वारा बरी किए जाने के बाद, नेपाल के स्टार स्पिनर संदीप लामिछाने ने कहा कि पहले दिन से ही वह खुद को आश्वस्त कर रहे थे कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह आने वाले वर्षों में अपने खेल में अपने देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करेंगे। लामिछाने को बलात्कार के एक मामले में पाटन उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया था और अब वह 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं। टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्रिकेट एसोसिएशन (सीएएन) ने पहले ही टीम की घोषणा कर दी थी। रोहित पौडेल उन खिलाड़ियों के युवा समूह का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं जिन्हें मई की शुरुआत में टीम में नामित किया गया था। हालांकि, 25 मई तक टीम में बदलाव किया जा सकता है और संदीप टीम में जगह बना सकते हैं। अपने बरी होने के बाद लामिछाने ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गया; पहले दिन से ही मैं खुद को समझा रहा था कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। मुझे उस मामले में फंसाया गया जहां मैंने कुछ भी गलत नहीं किया था। आखिरकार हम यहां तक पहुंचे हैं। मैं जिला अदालत के तत्कालीन फैसले का सम्मान करता हूं और उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का भी मैं सम्मान करता हूं। मैं देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने की पूरी कोशिश करूंगा।नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएएन) ने भी नेपाली लेग स्पिनर संदीप लामिछाने का निलंबन रद्द कर दिया। एक प्रेस बयान में, सीएल ने घोषणा की कि उसका निर्णय पाटन उच्च न्यायालय के फैसले के अनुरूप है, जिसने लामिछाने को सभी आरोपों से बरी कर दिया। पाटन उच्च न्यायालय के प्रवक्ता तीर्थराज भट्टाराई ने काठमांडू पोस्ट को बताया कि सबूतों की कमी के कारण लामिछाने को बरी कर दिया गया है। काठमांडू अदालत की एकल-न्यायाधीश पीठ ने लामिछाने को 18 वर्षीय महिला से बलात्कार का दोषी पाया था और 10 जनवरी को सजा की घोषणा की गई थी।पीठ ने लामिछाने पर लगभग 2255 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया था और पीड़िता को मुआवजे के रूप में लगभग 1500 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया था।

# विनेश फोगाट ने 2024 ओलंपिक से पहले ट्रायल की तारीखों, स्थान और प्रारूप की घोषणा करने का किया आग्रह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने केंद्रीय खेल मंत्रालय, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और अन्य संबंधित अधिकारियों से 2024 पेरिस ओलंपिक ट्रायल से पहले तारीखों, स्थान और प्रारूप की घोषणा करने का आग्रह किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 का आयोजन इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा।

विनेश ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई, भारतीय ओलंपिक संघ और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से यह अपील करने के लिए सोशल साइट्स एक्स का सहारा लिया। उन्होंने सबसे पहले कुश्ती में छह 2024 ओलंपिक कोटा पर भारत की जीत पर खुशी व्यक्त की और कोटा विजेताओं को बधाई दी। विनेश ने एक्स पर लिखा, प्रिय शुभचिंतकों, आपके अटूट समर्थन और हमारे एथलीटों के समर्पण के लिए धन्यवाद, भारत ने कुश्ती में कुल छह ओलंपिक कोटा हासिल किए हैं। मैं हमारे देश के लिए कोटा अर्जित करने वाले पांच उल्लेखनीय महिला पहलवानों और उत्कृष्ट पुरुष पहलवानों को हार्दिक बधाई देती हूं। उनकी कड़ी मेहनत, बलिदान और जीत ने न केवल भारतीय कुश्ती को गौरव दिलाया है, बल्कि देश भर में अनगिनत लोगों को प्रेरित भी किया है।

उन्होंने आगे लिखा, हालांकि, पेरिस ओलंपिक से सिर्फ तीन महीने



दूर होने के बावजूद, भारतीय कुश्ती महासंघ ने अभी तक तारीख, समय और स्थान सहित आधिकारिक ट्रायल प्रारूप की घोषणा नहीं की है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अन्य सभी महासंघों ने दिसंबर 2023 या नवीनतम जनवरी 2024 में एक स्पष्ट प्रारूप के साथ योग्यता मार्ग और परीक्षण प्रक्रिया की घोषणा कर दी है।

विनेश ने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु पर, सभी योग्य पहलवानों को ओलंपिक के रास्ते और प्रक्रिया के बारे में स्पष्टता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, इस तरह की स्पष्टता न केवल निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करती है बल्कि हमारे देश के पदक हासिल करने और वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की संभावनाओं को भी अधिकतम करती है। मैं भारत के खेल मंत्रालय, आईओए, भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय कुश्ती महासंघ से इस मामले को प्राथमिकता देने का अनुरोध करती हूं कि तुरंत आधिकारिक तौर पर ट्रायल के लिए तारीखों, समय, स्थान और सटीक प्रारूप की घोषणा करें, हमारे एथलीटों ने अपना कोटा हासिल करने के लिए अथक प्रयास किया है, और वे एक पारदर्शी और अच्छी तरह से परिभाषित चयन प्रक्रिया के आश्वासन और समर्थन के पात्र हैं। जैसा कि हम आशावाद के साथ आगे बढ़ रहे हैं, मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि वे हमारे पहलवानों के पीछे एकजुट रहें और उन्हें पेरिस में चमकने के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान करें।

आइए, हम सब मिलकर महानता के लिए प्रयास करें और अपने देश को गौरवान्वित करें। हार्दिक धन्यवाद। भारत ने 12 मई को इस्तांबुल में आयोजित विश्व ओलंपिक कुश्ती क्वालीफायर में अपना अभियान दो पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा के साथ समाप्त किया, जो पहलवान अमन सहरावत और निशा दहिया ने पुरुष और महिला कुश्ती में हासिल किए। निशा और अमन ने भारतीय पहलवानों के कोटे की संख्या छह तक पहुंचा दी। इस्तांबुल की यह प्रतियोगिता भारत के लिए कुश्ती के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल करने का आखिरी मौका था।

अमन ने 57 किग्रा ओलंपिक 2024 कोटा हासिल किया, जो पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत का पहला कोटा है। निशा ने इस प्रतियोगिता में महिलाओं के 68 किलोग्राम वर्ग में भारत के लिए दूसरा कोटा हासिल किया, जिससे यह किसी भारतीय महिला पहलवान द्वारा पांचवां पेरिस 2024 कोटा बन गया। एंटीम पंघाल (53 किग्रा) ने 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के दौरान भारत के लिए पहला कोटा हासिल किया था, जबकि विनेश फोगट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुडा (76 किग्रा) ने पिछले महीने बिश्केक में आयोजित एशियाई क्वालीफायर के दौरान कोटा जीता था।

इस बीच, भारत ग्रीको-रोमन कुश्ती में कोटा हासिल नहीं कर सका। पिछले साल एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले सुनील कुमार पुरुषों के 87 किग्रा वर्ग के रेपेचेज दौर में हार गए।

फास्ट न्यूज

## पुलिस हिरासत में युवक की मौत, पूरी चौकी सस्पेंड

**गौतमबुद्धनगर:** ग्रेटर नोएडा पुलिस की चिपियाना चौकी में हिरासत में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने पुलिस चौकी में हत्या करने का आरोप लगया है। उधर, नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने ग्रेटर नोएडा की चिपियाना पुलिस चौकी में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है। आलाधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा की चिपियाना चौकी की पुलिस एक युवक को किसी केस के मामले में पूछताछ के लिए चौकी पर लाई थी। युवक की ग्रेटर नोएडा पुलिस की हिरासत में ही मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा में हुई इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी इस घटना को आत्महत्या बताने की कोशिश में जुटे हुए हैं। मरने वाला युवक योगेश है और मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला था। ग्रेटर नोएडा पुलिस द्वारा बचाव में बताया जा रहा है कि बलात्कार के एक मामले में लखनऊ से ट्रांसफर होकर आया था। उस मामले में योगेश को आरोपी बनाया गया है। उसी केस के मामले में ग्रेटर नोएडा की चिपियाना पुलिस ने योगेश को हिरासत में लिया था। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने ग्रेटर नोएडा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के भाई का आरोप है कि उसके भाई को ग्रेटर नोएडा पुलिस घर से उठाकर चिपियाना चौकी पर लाई थी। पुलिस के एक दरोगा ने उसके भाई को छोड़ने के लिए पांच लाख मांगे थे। उसने एक लाख रुपये दे दिए थे और चार लाख रुपये गुरुवार की सुबह देने को कहा था। उसका आरोप है कि बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात को पुलिस वालों ने उनके भाई की हत्या कर दी। ग्रेटर नोएडा की पुलिस उपायुक्त सुनीति सिंह ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट द्वारा करवाया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का एक पैनल बनाया गया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी की जाएगी। इस मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## मदरसे में बम धमाका, गेंद समझकर छात्र ने उठाया

टीम एक्शन इंडिया

**सारण:** छपरा के गड़खा थाना क्षेत्र के मोतिराजपुर गांव स्थित एक मदरसा में अचानक ब्लास्ट हो गया। इसमें मदरसा के मौलाना और उनका छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की गूंज आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया।

# आजमगढ़ को बदनाम करने वाले बेनकाब हुए: योगी

### आदित्यनाथ ने आजमगढ़ के फरिया-निजामाबाद रोड के लालगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया

**विपक्ष पर हमला**

**▸▸ देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जोड़े जाते थे और उसे बदनाम किया जाता थे**




टीम एक्शन इंडिया

**आजमगढ़:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश 10 वर्ष पहले पहचान और विश्वास के संकट से जूझ रहा था। हर एक व्यक्ति पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा था। देश में विकास कार्य ठप हो चुके थे क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी थी। उस दौरान गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करते थे, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। वहीं देश और दुनिया में आतंकी घटना होने पर उसके तार आजमगढ़ से जोड़े जाते थे और उसे बदनाम किया जाता था। पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। भाजपा उम्मीदवार दिनश लाल यादव निरहुआ और लालगंज की प्रत्याशी नीलम सोनकर के समर्थन में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें दुनिया में सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद-नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश लगा है। आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर एक विश्वविद्यालय बन गया है। इसके साथ ही आजमगढ़ पूर्वांचल एक्सप्रेस से जुड़ गया है। आज आजमगढ़ में एयरपोर्ट भी है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का इंतजार कर रहे देशवासी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजमगढ़ को बदनाम करने वाले आज बेनकाब हो चुके हैं। आज आजमगढ़ वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज समेत अन्य जिलों से फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ जुड़कर नये भारत के नये उत्तर प्रदेश का नया आजमगढ़ बन चुका है। पहले देश और दुनिया में लोग आजमगढ़ का नाम सुनते ही चौंक जाते थे। उस दौरान यहां के लोगों को देश और दुनिया में जाने में काफी समस्या होती थी क्योंकि वहां आजमगढ़ वासियों को होटल तो दूर धर्मशाला में भी रूम नहीं मिलते थे।

## सपा-कांग्रेस का गठबंधन जब हुआ, महामारी का कारण बना: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया

**कौशाम्बी:** लोकसभा सीट कौशाम्बी में भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने तीन चरण के चुनाव का रुझान सामने रखकर देश के अंदर एक बार फिर मोदी सरकार का नारा देकर अपने भाषण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में कायाकल्प किए जाने की बात कही। 10 साल पहले के भारत की तस्वीर सामने रखकर उन्होंने कहा कि गरीबी भूख से आम आदमी मरता था। किसान आत्महत्या करते थे। युवक पलायन कर रहे थे। बेटी, व्यापारी, सुरक्षित नहीं थे। जगह-जगह विस्फोट होते थे। देश में पहचान का संकट था, लेकिन अब भारत बदल गया है। देश का सम्मान पूरा विश्व करता है। पीएम मोदी के भारत की तस्वीर सामने रखते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व कुशलता को बताते हुए उन्होंने कहा कि अब भारत में कोई पटाखा भी फूटता है, तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हम नहीं है। हम किसी को छेड़ते नहीं और कोई छेड़ता है तो छोड़ते नहीं, की बात कह कर देश में विकास कार्यों का परिदृश्य मुख्यमंत्री ने जनसभा में बैठे लोगों के सामने रखा। लखनऊ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह फ्री राशन देने की बात करते हैं। जब उनकी सरकार थी, तो गरीब भूख से मर रहे थे। सत्ता थी तो माफिया के करीब थे, उनकी जबान सिली हुई थी, लेकिन अब माफिया मुक्त यूपी हुआ है। साल 2024 के आम चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस का गठबंधन अब वापस सत्ता में नहीं आने वाला। इसके बाद के होने वाले चुनाव में जनता इनका नाम भूल जाएगी।

## 19 तक बंद रहेंगे चारधाम यात्रा के आफलाइन पंजीकरण काउंटर



टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश में खोले गए ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर 17 मई से 19 मई तक बंद रहेंगे। यह निर्णय धामों पर पूर्व से पंजीकृत श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन कराए जाने की दृष्टि से लिया गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के निदेशक सुमित पंत ने इसकी पुष्टि की है। चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड सरकार ने पंजीकरण अनिवार्य किया है। इससे श्रद्धालुओं को अपनी पंजीकृत तिथि पर दर्शन लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसी क्रम में धामों पर दर्शन की टोकन व्यवस्था भी सुचारु रूप से कार्य कर रही है। इससे श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन का लाभ मिल रहा है।

**पंजीकृत**

**▸▸ यह निर्णय श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन कराए जाने की दृष्टि से लिया गया है**

## मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

**कोडरमा:** जिले के जयनगर प्रखंड के पिपचो मां गंगा पब्लिक स्कूल के मैदान पर गुरुवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि देश ने 56 इंच के सीने वाला को प्रधानमंत्री बनाया है, ना खाएगा ना खाने देगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां विपक्ष के गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। आने वाले दिनों में फिर से नरेन्द्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार की ओर से कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद विकास और सामाजिक न्याय बढ़ा है। कश्मीर में चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों ने देश के लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट दिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मिल गया, अब कृष्ण मंदिर की बारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य सरकार ने नौकरियां को बेचने का काम किया है।



**दावा**

**▸▸ आने वाले दिनों में फिर से नरेन्द्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे: सीएम मोहन**

## भाजपा ने 60 लाख युवाओं के भविष्य के साथ किया खिलवाड़: अखिलेश

टीम एक्शन इंडिया

**बांदा:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह से देश और प्रदेश में सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराकर 60 लाख लोगों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया गया है। उससे आहत युवा भाजपा को माफ नहीं करेंगे आने वाले चुनाव में सबक सिखाएंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुवार को बांदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र के अतर्रा कस्बा स्थित हिंदू इंटर कॉलेज में समाजवादी पार्टी कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी कृष्णा देवी पटेल के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती के दौरान 60 लाख युवाओं ने परीक्षा दिया था उन्हें भरोसा था कि परीक्षा देने के बाद उन्हें नौकरी जरूर मिलेगी। लेकिन पेपर लीक होने से युवाओं को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह पेपर लीक नहीं हुए बल्कि सरकार ने पेपर लीक कराया था ताकि अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को नौकरी न देना पड़े। इसी तरह केंद्र सरकार ने फौज की नौकरी खत्म करके अग्नि वीर के नाम पर भर्ती की। जिनको शहीद होने पर आखरी समय पर भी सम्मान तक नहीं मिलेगा। अखिलेश ने कहा कि अब अगर भाजपा की सरकार आ गई तो अभी तो फौज की नौकरी 4 साल की हुई है। पुलिस की तीन साल की नौकरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हवाई अड्डे रेलवे समेत अन्य जगह बेचने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें खनन के नाम पर बदनाम करने वाली सरकार की कलई खुल रही है।



**सरकार को घेरा**

**▸▸ नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराकर 60 लाख लोगों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया**

## मुंबई में इंडी गठबंधन की रैली में नहीं जाएंगी ममता

**कोलकाता:** मुंबई में शुक्रवार को होने वाली इंडी गठबंधन की रैली का औपचारिक आमंत्रण ममता बनर्जी को नहीं मिला है। इसलिए तृणमूल कांग्रेस का कोई प्रतिनिधि भी इस रैली में शामिल नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इंडी गठबंधन की इस रैली का आह्वान किया।

## चारधाम से बिना दर्शन न लौटे कोई भी श्रद्धालु: कैबिनेट मंत्री

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** कैबिनेट व उत्तरकाशी जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने गुरुवार को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के संबंध में स्थानीय प्रशासन से वार्ता की। मंत्री ने प्रशासन से कहा है कि यात्रा व्यवस्थित रहे और कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन कर वापस न जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री के सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम भी वहां कैंप किए हुए हैं। गुरुवार को जारी एक बयान में कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद ने बताया कि उनके प्रभारी जनपद उत्तरकाशी के पवित्र धाम गंगोत्री और यमुनोत्री में पिछले दिनों श्रद्धालुओं के बिना दर्शन कर लौटने की जानकारी मिली। इसका संज्ञान लेते हुए मंत्री ने स्थानीय प्रशासन से वार्ता की है। उन्होंने कहा है कि चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। ऐसे में किसी भी श्रद्धालु को बिना दर्शन कर लौटने न दिया जाए। व्यवस्थाओं में सभी लोग अपना सहयोग दें। इसके लिए मंत्री ने यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से भी आग्रह किया है। प्रशासन के अनुसार यात्रा सुचारु रूप से चल रही है।

इसी क्रम में मार्ग वन-वे किया गया है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में अव्यवस्था न फैले। इसके लिए गाड़ियों में सवार श्रद्धालुओं को भंडारा आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।



**विशेष ध्यान**

**▸▸ यात्रा व्यवस्थित रहे और कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन कर वापस न जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए**

## महिला अपराध के आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या हुई कार्रवाई: हाईकोर्ट

टीम एक्शन इंडिया

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य में जमीन कब्जा, महिला अपराध एवं रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है। इस संबंध में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार को एक चार्ट तैयार करने को कहा है, जिसमें आरोपितों की पहचान से संबंधित डाटा रहे, ताकि वह अगर दूसरी बार भी वे अपराध करते हुए पकड़े जाएं तो उनकी पहचान आसानी से हो सके।



**जवाब तलब**

**▸▸ रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपितों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हैं**

## प्रियंका ही हराना चाहती हैं राहुल को चुनाव: केशव

टीम एक्शन इंडिया

**रायबरेली:** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रियंका गांधी ही राहुल गांधी को चुनाव हराना चाहती हैं, और वे राहुल गांधी को चुनाव हरा भी देंगी।उन्होंने कहा कि गांधी परिवार में खुद ही सामंजस्य नहीं है और सबकी महत्वाकांक्षा है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र में ऊंचाहार के किसुनदासपुर गांव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम ने कहा कि अमेठी में 2019 चुनाव में प्रियंका ने ही राहुल गांधी को हराने की साजिश रची थी।

**पर्दाफाश** अजीत ने रात ढाई बजे से सुबह 4 बजे के बीच सभी को उतारा था मौत के घाट

## सामूहिक हत्याकांड: भाई अजीत निकला हत्यारा

टीम एक्शन इंडिया

**सीतापुर:** सीतापुर जिले के पल्हापुर गांव में हुए सामूहिक हत्याकांड का खुलासा बृहस्पतिवार को पुलिस ने कर दिया। आईजी रेंज सीतापुर तरुण गाबा ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले को परत दर परत मीडिया के सामने रखा। उन्होंने बताया कि आरोपी अजीत सिंह ने रात ढाई बजे से सुबह 4 बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया और फिर अनुराग के आत्महत्या की कहानी गढ़ी। उन्होंने बताया कि अजीत दो बजे के करीब उठकर बाहर आया और सभी को जगाने के लिए बिजली का मेन स्विच बंद कर दिया। इस पर सबसे पहले प्रियंका बाहर आई। उसने पहले प्रियंका और फिर बारी-बारी से परिवार के छह सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद करीब 4 बजे सभी को फोन कर सूचना दी। प्रभाकर (पाटीदार) मौके पर पहुंचा तो 40 मिनट तक अपनी गाड़ी की चाभी नहीं दी। पुलिस के अनुसार, घटना करने का अजीत के पास उस दिन भी एक कारण था। रात में केसीसी का लोन चुकाने को लेकर उसकी परिजनों से बहस हुई थी। जिस असलहे से वारदात को अंजाम दिया गया वो घर में ही मौजूद था।



**अजीत ने बयां की थी हत्याकांड की पूरी कहानी:** हत्याकांड को अंजाम देने वाले अजीत सिंह ने पुलिस की पूछताछ में उस रात की अपनी क्रूरता की पूरी कहानी बयां की थी। उसने बताया कि सबसे पहले अपनी भाभी के सीने में गोली मारी थी। गोली की आवाज सुनकर जब उसकी मां सावित्री पहुंची थी तो उन पर हथौड़े से वार कर घायल कर दिया था। उसके बाद अनुराग व उसके तीनों बच्चों को मौत के घाट उतारा। कुछ देर घायल मां के पास बैठा रहा। फिर अचानक उनका सिर कूंच दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अजीत सबसे ज्यादा खुन्नस प्रियंका सिंह से रखता था। इसलिए वह 11 मई की रात असलहा और हथौड़ा लेकर उनको ही मारने के लिए छत पर पहुंचा था।

सोते वक्त ही उसने प्रियंका के सीने में गोली मार दी थी। गोली चलने की आवाज जब सुनाई दी तो अजीत की मां सावित्री वहां पहुंची। उनको देख उसने उन पर हथौड़े से वार कर दिया। वह घायल होकर वहीं गिर गईं। उसके बाद अनुराग के कमरे में गया। उसको दो गोलियां मारीं। फिर वह ऊपर आया। अनुराग के तीनों बच्चों की हत्या की। सबसे बाद में उसने मां को मारा।

